● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 133, पृष्ठ : 08, सीधी, शुक्रवार, 20 जून 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र
# विन्ध्य टाइगर
हक की बात, बुलंदी के साथ



महाराष्ट्र की तीन भाषा नीति के समर्थन में सीएम फडणवीस 5

क्या चोटिल है टीम इंडिया के टी 20 कप्तान? 6

## पीएम के नेतृत्व में देश कर रहा निरंतर तरक्की : डॉ. यादव

### दीवाली से लाड़ली बहनों को हर माह मिलेंगे 1500 रुपए

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार देश की सीमा पर जान की बाजी लगाने वाले और सीमाओं की रक्षा करने वाले जवानों तथा खेतों में कड़ी मेहनत कर अन्न पैदा करने वाले किसानों के सम्मान के लिए काम कर रही है। हमारी सरकार कमजोर और गरीब वर्ग की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दे रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव खरगोन जिले के बेड़िया में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदा घाटी विकास विभाग के अंतर्गत अम्बा-रोडिया माइक्रो उदवहन सिंचाई योजना का लोकार्पण सहित 266 करोड़ रुपए की लागत के 24 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी किया। उन्होंने सिकलसेल के मरीजों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृति के



प्रमाण-पत्र तथा हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर तरक्की कर रहा है और विश्व में देश का नाम हो रहा है। हमारी सरकार किसानों, महिलाओं, गरीबों और युवाओं की जिंदगी बदलने और उन्हें खुशहाल बनाने का काम कर रही है। निमाड़ क्षेत्र में मां नर्मदा का पानी खेतों तक पहुंचाया जा रहा है और इससे खेतों में फसले लहलहा रही हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने किसानों को सम्मान निधि देने की योजना बनाई है और किसानों को इसका लाभ भी मिल रहा है। मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य है जहां गेहूं पर किसानों को प्रति क्विंटल 2600 रुपए दिए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार कृषि को प्रोत्साहन दे रही है और किसानों को उद्यमी बनने के लिए काम कर रही है। प्रदेश सरकार कपास से धागा बनाने, उससे कपड़ा बनाने और रेडीमेड गारमेंट की फैक्ट्री लगाने का अभियान चला रही है। प्रदेश सरकार सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी काम कर रही है और किसानों को अनुदान पर सोलर पैनल कनेक्शन दिया जाएगा इससे किसानों की आय बढ़ेगी और वह अपने संयंत्र में पैदा होने वाली अतिरिक्त बिजली प्रदेश सरकार को बेच भी सकेंगे। प्रदेश सरकार ने मूंग और उड़द के समर्थन मूल्य पर खरीदी के इंतजाम किए हैं। दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए काम किया जा रहा है। देश में दूध उत्पादन में मध्य प्रदेश की भागीदारी अभी 09 प्रतिशत है इसे बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक ले जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। किसानों को गाय भैंस पालन के लिए 25 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। राज्य सरकार के समग्र प्रयासों से अब प्रति व्यक्ति आय 11 हजार रूपये से बढ़कर एक लाख 52 हजार रूपये हो गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार रक्षाबंधन पर लाड़ली बहनों को 250 रुपए की अतिरिक्त राशि देगी और अक्टूबर में दीवाली से लाड़ली बहनों को हर माह 1500 रुपए की राशि नियमित दी जाएगी। इस राशि को बढ़ाकर 3 हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया जाएगा। गरीबों और जरूरतमंद की जान बचाने के लिए प्रदेश सरकार ने एयर एम्बुलेंस की सुविधा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि सभी पात्र लोग अपना आयुष्मान कार्ड बनवा लें, जिससे गंभीर बीमारी के समय जान बचाने के लिए उन्हें बड़े शहरों के अच्छे अस्पतालों में उपचार मिल सके। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर विमान या हेलीकॉप्टर से प्रदेश सरकार मरीजों को उपचार के लिए भी भेजती है।

## आने वाले समय में अंग्रेजी बोलने में शर्म आएगी : शाह

### भाषा विवाद के बीच गृह मंत्री बोले-अब बदलाव का समय

**नई दिल्ली।** राष्ट्र की पहचान उसकी अपनी भाषा से होती है। भारतीय भाषाओं के महत्व पर जोर देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भारत की भाषाई विरासत को दोबारा प्राप्त करने और देशी भाषाओं पर गर्व के साथ दुनिया का नेतृत्व करने का समय आ गया है।



शाह ने कहा कि इस देश में अंग्रेजी बोलने वालों को जल्द ही शर्म आएगी। ऐसे समाज का निर्माण दूर नहीं है, केवल दृढ़ निश्चयी लोग ही बदलाव ला सकते हैं। मेरा मानना है कि हमारे देश की भाषाएं हमारी संस्कृति के रत्न हैं। अपनी भाषाओं के बिना हम सच्चे भारतीय नहीं हैं। अपने देश, अपनी संस्कृति, अपने इतिहास और अपने धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती है।

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के पंच प्रण कै जिक्र किया। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना, गुलामी की हर सोच से मुक्ति पाना, विरासत पर गर्व करना, एकता और एकजुटता, प्रत्येक नागरिक में कर्तव्य की भावना जगना। उन्होंने कहा कि ये पांच प्रतिज्ञाएं देश के नागरिकों का संकल्प बन गई हैं। 2047 के विकसित भारत की यात्रा में हमारी भाषाएं प्रमुख भूमिका निभाएंगी।

गृह मंत्री पूर्व आईएएस आशुतोष अग्निहोत्री की लिखी गई पुस्तक मैं बूंद स्वयं, खुद सागर हूं, के विमोचन में गुरुवार को शामिल हुए। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के प्रशिक्षण मॉडल में सहानुभूति लाने पर जोर दिया। शाह ने कहा कि यह मॉडल ब्रिटिश काल से प्रेरित है, इसलिए यहां सहानुभूति की कोई जगह नहीं है। मेरा मानना है कि कोई शासक अगर सहानुभूति के बिना शासन करता है, तो वह अपने वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर सकता है।

## मध्यप्रदेश में पदोन्नति नियम 2025 जल्द होंगे लागू

### दस दिन में शुरू होगी डीपीसी प्रक्रिया

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लंबे समय से प्रतीक्षित पदोन्नति में आरक्षण से संबंधित नई व्यवस्था अब मूर्तरूप लेने जा रही है। मप्र लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 को एक-दो दिन में अधिसूचित (नोटिफाई) कर दिया जाएगा। इसके साथ ही सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) सभी विभागों में डीपीसी (विभागीय पदोन्नति समिति) की प्रक्रिया शुरू करेगा। जीएडी ने संकेत दिए हैं कि पहली डीपीसी दस दिन के भीतर आयोजित कर दी जाएगी। यह पदोन्नति वर्ष 2025 के पदों के लिए होगी, जबकि वर्ष 2026 के लिए सितंबर में डीपीसी प्रस्तावित है। नई डीपीसी प्रक्रिया को सशर्त माना जाएगा, क्योंकि यह सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों के अंतिम निर्णय के अधीन होगी। जीएडी का कहना है कि कोर्ट में रिवर्ट के मामलों को लेकर भी सरकार अपना पक्ष रखेगी और कैविएट दाखिल करेगी, ताकि भविष्य में कोई निर्णय बिना पक्ष सुने न हो। जीएडी के अधिकारियों के अनुसार सबसे पहले सामान्य प्रशासन विभाग अपनी डीपीसी करेगा। इसके बाद अन्य विभागों के अधिकारियों को ट्रेनिंग दी जाएगी, जिसमें निम्न बिंदुओं की जानकारी दी जाएगी। पदों की गणना कैसे हो, नये नियमों के पैरा की व्याख्या, वर्गवार आरक्षण व्यवस्था का अनुपालन और मेरिट और सीनियरिटी के नियम के बारे में बताया जाएगा। अनुसूचित जाति (अजा) को 16 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति (अजजा) को 20 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान कैडर स्तर पर लागू होगा। यदि आरक्षित कोटे के पद भरे जा चुके हैं, तब पात्र अजा/अजजा वर्ग के व्यक्ति को अनारक्षित श्रेणी में स्थान मिल सकता है। भविष्य की डीपीसी में उस पद को आरक्षित कोटा में ही गिना जाएगा। प्रत्येक पद के लिए दो गुना + 4 अभ्यर्थी बुलाए जाएंगे। जैसे 10 पद खाली हैं तो 24 लोग चयन प्रक्रिया में शामिल होंगे।

## सोनिया गांधी को अस्पताल से मिली छुट्टी, पेट संबंधी बीमारी से थी ग्रस्त

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को पेट में संक्रमण के कारण 15 जून को दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 78 वर्षीय नेता की हालत अब स्थिर है और उन्हें छुट्टी दे दी गई है। उनके बेटे और लोकसभा नेता राहुल गांधी उन्हें लेने अस्पताल पहुंचे। अस्पताल के अध्यक्ष डॉ. अजय स्वरूप ने बताया कि उनका उपचार अब बाह्य रोगी (आउटपेशेंट) के आधार पर जारी रहेगा। उनकी देखभाल कर रहे वरिष्ठ चिकित्सकों, डॉ. एस नंदी और डॉ. अमिताभ यादव ने कहा कि दवाओं से उपचार के बाद उनकी स्थिति में सुधार हुआ है।

## भारत का नया रिकॉर्ड! रैंकिंग में 54 संस्थान शुमार

### शिक्षा मंत्री ने बताया क्रांति का परिणाम

**नई दिल्ली।** भारत ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नया ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में इस बार 54 भारतीय उच्च शिक्षण संस्थानों ने जगह बनाई है। यह अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि है, जिसकी जानकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को दी।

उन्होंने कहा कि 2014 में जहां केवल 11 भारतीय विश्वविद्यालय इस वैश्विक सूची में शामिल थे, वहीं आज यह संख्या पांच गुना बढ़कर 54 हो गई है। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में



पिछले एक दशक में लागू की गई शिक्षा सुधार नीतियों और नई शिक्षा नीति 2020 का नतीजा बताया।

एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए धर्मेंद्र प्रधान ने लिखा, क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में रिकॉर्ड 54 संस्थानों की भागीदारी भारत की शिक्षा प्रणाली में आए परिवर्तन और प्रगति का प्रमाण है। यह सिर्फ बदलाव नहीं, बल्कि एक शैक्षिक क्रांति है। उन्होंने यह भी कहा कि, भारत अब जी20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ती शिक्षा प्रणाली है और अमेरिका, यूके और चीन के बाद चौथा सबसे अधिक प्रतिनिधित्व वाला देश बन चुका है। इस साल की रैंकिंग में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली को 123वां स्थान मिला है, जो भारत का सर्वोच्च स्थान है। इसके अलावा कई अन्य आईआईटीएस और प्रमुख विश्वविद्यालयों ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।

## दिल्ली से लेह जा रहे इंडिगो विमान की आपात लैंडिंग

**नई दिल्ली।** दिल्ली से लेह जा रहे इंडिगो के विमान की आपात लैंडिंग कराई गई। विमान में तकनीकी खराबी आने के बाद पायलट की सूचना पर विमान को वापस दिल्ली लाया गया। विमान की आपात लैंडिंग से यात्रियों में हड़कंप मच गया। बाद में यात्रियों के लिए वैकल्पिक विमान का इंतजाम किया गया। वहीं हैदराबाद से तिरुपति जा रहे स्पाइसजेट के विमान एसजी 2696 की तकनीकी खराबी आने के बाद वापस हैदराबाद एयरपोर्ट पर लैंडिंग कराई गई। इंडिगो एयरलाइन के अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली से लेह के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6श्व 2006 में तकनीकी खराबी आ गई।

## मनसे कार्यकर्ताओं ने जलाईं हिंदी की किताबें

### राज ठाकरे ने सरकार के फैसले पर फिर उठाए सवाल

**मुंबई।** महाराष्ट्र के स्कूलों में तीसरी भाषा को लेकर छिड़ा विवाद बढ़ रहा है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकर्ताओं ने राज्य में जगह-जगह हिंदी की किताबें जलाईं। वहीं मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने एक बार फिर सरकार के फैसले पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि हम स्कूलों में छात्रों को हिंदी नहीं पढ़ाने देंगे। महाराष्ट्र में केंद्र सरकार के तीन भाषा फार्मूले को लेकर विवाद छिड़ा हुआ है। राज्य की महायुति सरकार ने छात्रों के लिए हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में अनिवार्य बनाने की बाध्यता हटा दी है। अब प्रदेश के स्कूलों में कोई भी भारतीय भाषा तीसरी भाषा के रूप में चुनी जा सकती है। मनसे प्रमुख राज ठाकरे और कुछ मराठी संगठनों ने सरकार पर हिंदी थोपने का आरोप लगाया है।

## राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने पोस्टर पर चढ़ाया दूध

**भोपाल।** गुरुवार को कांग्रेस ने देशभर में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया। इसी कड़ी में राजधानी भोपाल में भी अनोखे तरीके से जन्मदिवस मनाया गया। भोपाल के बोर्ड ऑफिस चौराहे पर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अमित शर्मा ने समर्थकों के साथ राहुल गांधी के कटआउट (पोस्टर) को दूध से नहलाया। पोस्टर पर दूध चढ़ाने को लेकर प्रदेश सरकार के मंत्री विश्वास सारंग ने इसे चमचागीरी की मानसिकता बताया। इधर, पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी और



प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के साथ कई नेताओं ने एम्स परिसर में मौजूद मरीजों के साथ आए परिजनों को खाने पीने की सामग्री वितरित की।

भोपाल स्थित एम्स अस्पताल परिसर के बाहर नेता विपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने अस्पताल परिसर में मौजूद मरीजों और उनके परिजनों को भोजन वितरण कर सेवा भाव से यह दिन समर्पित किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, सांसद अशोक सिंह, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राहुल गांधी के पोस्टर को दूध से नहलाने पर मप्र के खेल मंत्री विश्वास सारंग ने कहा, कांग्रेस की नेहरू परिवार के प्रति चमचागीरी की मानसिकता पर आश्चर्य है। बस एक परिवार में पैदा होने पर महिमामंडन किया जा रहा है, यह शर्मनाक है। दूध से अभिषेक करना चमचागीरी की पराकाष्ठा है।

### लालू के बेटे तेज प्रताप यादव की हुंकार

## मेरी भूमिका कोई दल या परिवार नहीं तय करेगा, चक्रव्यूह तोड़ूंगा

**पटना।** तेज प्रताप यादव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है। इस पोस्ट की भी एक बार फिर राजनीतिक महकमे में काफी चर्चा होगी। वजह यह है कि तेज प्रताप यादव ने इस पोस्ट में चेतावनी भरे शब्दों का प्रयोग किया है। उन्होंने लिखा है कि मेरी खामोशी को मेरी कमजोरी समझने की भूल करने वालो,ये मत समझना कि मुझे तुम्हारी साजिशों का पता नही,शुरुआत तुमने किया है अंत मैं करूंगा,झूठ और फरेब के बनाये इस चक्रव्यूह को तोड़ने जा रहा हूं, तैयार रहना सच सामने आने वाला है,मेरी भूमिका मेरी प्यारी जनता और माननीय सर्वोच्च न्यायालय तय करेगा ,कोई दल या परिवार नहीं.....। पूर्व मंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के विधायक तेज प्रताप यादव के सोशल मीडिया अकाउंट से एक पोस्ट वायरल हुआ था, जिसमें तेज प्रताप यादव के एक लड़की अनुष्का के साथ रिलेशन में होने का दावा किया गया था।

## ईरान का इस्राइल के अस्पताल पर मिसाइल हमला

**तेल अवीव/ तेहरान।** इस्राइल और ईरान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। लगातार सातवें दिन दोनों ने एक-दूसरे पर हमले किया। इस्राइली सेना ने ईरान के अराक हैवी वाटर परमाणु रिएक्टर को निशाना बनाकर मिसाइल दागी। इसके जवाब ईरान ने इस्राइल के सोरोका अस्पताल पर हमला किया। हमले से अस्पताल में काफी नुकसान हुआ। बृहस्पतिवार सुबह इस्राइल ने ईरान के अराक हैवी वॉटर परमाणु रिएक्टर पर हमला किया। हालांकि हमले से लोगों को नुकसान नहीं पहुंचा। एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि किसी भी तरह का विकिरण खतरा नहीं है। रिएक्टर को खाली करा लिया गया और नागरिक इलाकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

## रासायनिक युद्ध व जैविक खतरों से निपटने की ट्रेनिंग दे रहा सीआईएसएफ

**नई दिल्ली।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), भारत का एकमात्र केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) है, जिसके पास एक समर्पित अग्निशमन विंग है। इसी के अंतर्गत सीआईएसएफ द्वारा एक राष्ट्रव्यापी अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। सीआईएसएफ ने 22 राज्यों/यूटी के 150 शहरों में 380 फायर कर्मियों को रासायनिक युद्ध एजेंटों व जैविक खतरों से निपटने की ट्रेनिंग दी है। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आधुनिक अग्निशामक और बचाव तकनीकों के साथ-साथ महत्वपूर्ण आपदा प्रबंधन कौशल पर ध्यान केंद्रित करने के लिए डिजाइन किया गया है। घनी आबादी वाले शहरों और औद्योगिक क्षेत्रों में उभरती चुनौतियों का समाधान करने पर विशेष जोर दिया जाता है। ट्रेनिंग कार्यक्रम में परिष्कृत अग्नि प्रतिक्रिया तंत्र, रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु (सीबीआरएन) आपात स्थितियों के लिए तैयारी और रासायनिक युद्ध एजेंटों से निपटने जैसे उन्नत विषयों को शामिल किया गया है, जो आधुनिक खतरों की विकसित प्रकृति को दर्शाता है। बता दें कि सीआईएसएफ के स्थापना दिवस 2023 के दौरान, केंद्रीय गृह मंत्री और अमित शाह ने अपने संबोधन में सीआईएसएफ को 100 भारतीय शहरों के अग्निशमन कर्मियों को प्रशिक्षित करने का विशेष दायित्व सौंपा था।

## सिकल सेल उन्मूलन, सबके विश्वास, साथ और प्रयास से होगा : राज्यपाल

### प्रधानमंत्री मोदी के मन में है जनजातीय समाज की समस्याओं के प्रति तीव्र वेदना

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि सिकल सेल के संपूर्ण उन्मूलन के लिए हम सबकी सक्रिय सामूहिक भागीदारी आवश्यक है। सबके विश्वास, साथ और प्रयासों से ही रोग का उन्मूलन होगा। राज्यपाल श्री पटेल विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर बड़वानी में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर से वर्चुअली कार्यक्रम से जुड़े। कार्यक्रम में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का प्रदेश की जनता के नाम संदेश और राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे सिकल सेल उन्मूलन प्रयासों पर आधारित अभिनंदन-पत्र का उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र



शुक्ल द्वारा वाचन किया गया।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जनजाति जीवन के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए समर्पित और संवेदनशील व्यक्तित्व है। उनके नेतृत्व में भारत में जनजाति कल्याण का स्वर्ण युग चल रहा है। सिकल सेल उन्मूलन मिशन के तहत प्रदेश सरकार सराहनीय कार्य कर रही है। राज्यपाल श्री पटेल ने सिकल सेल उन्मूलन प्रयासों के लिए राज्य सरकार की पूरी टीम को बधाई दी। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सिकल सेल उन्मूलन के लिए जागरूकता सर्वाधिक आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विवाह के पूर्व युवक-युवती अपने जेनेटिक कार्ड का मिलान ज़रूर करें। इसी प्रकार गर्भावस्था में माँ और बच्चे की सिकल सेल जाँच और जन्म के 72 घंटों में नवजात की जाँच किया जाना ज़रूरी है। राज्यपाल श्री पटेल ने सिकल सेल से पीड़ित रोगी और वाहकों से भी अपील की है कि वे नियमित व्यायाम, पौष्टिक आहार और चिकित्सक की सलाह अनुसार दवाइयाँ लें। उन्होंने अभिभावकों से भी कहा कि सिकल सेल प्रभावित बच्चों के साथ आत्मीय व्यवहार करें। उन्हें सिकल सेल को समझने, लड़ने और हराने में संबल प्रदान करें। राज्यपाल श्री पटेल ने स्वयं जनजातीय समुदाय से आने की बात कहते हुए समुदाय के प्रतिनिधियों से अपील की कि जनजाति क्षेत्रों में सिकल सेल के जनजागरण प्रयासों में सतत्, सक्रिय और संवेदनशीलता के साथ सहयोग करें। उन्होंने मीडिया से भी अपील की कि सिकल सेल उन्मूलन के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार में सहयोगी बनें। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सिकल सेल की जागरूकता और रोकथाम प्रयासों को शैक्षणिक संस्थानों की विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के साथ पाठ्यक्रमों में भी शामिल करने के लिये कहा।

# महावीर कोल वाशरी के खिलाफ जिला एवं जनपद सदस्य समेत सरपंच लामबंद

## कलेक्टर के नाम 11 मांग सूत्रीय मांग पत्रों को लेकर डिप्टी कलेक्टर को सौपा ज्ञापन



**सिंगरौली।** नौढ़िया में कार्यरत कोल वाशरी कंपनी के अवैध गतिविधियों की जांच कराने के लिए जिला पंचायत एवं जनपद सदस्य के साथ-साथ नौढ़िया एवं महदेइया के सरपंच समेत ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। आज महावीर कोल वाशरी के खिलाफ कलेक्टर के नाम 10 सूत्रीय मांग पत्रों का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौपा है। जनपद सदस्य राजेश कुमार राजू एवं जिला पंचायत सदस्य गीता तथा महदेइया सरपंच सोनकली व नौढ़िया सरपंच हेमलाल कोल, कांग्रेस नेता भास्कर नेता ने दर्जनों ग्रामीणों के साथ कलेक्ट्रोरेट पहुंच डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि ग्राम नौढ़िया में कोल वाशरी कंपनी महावीर कोल के द्वारा अवैध तरीके से अपने क्षेत्र का विस्तार किया जा रहा है। यहां के आसपास के गरीब, हरिजन, आदिवासियों के घरों को तोड़ा जा रहा है। जिसकी शिकायत यहां के प्रभावित लोगों के द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य एवं ग्राम पंचायत के सरपंचो के समक्ष की गई। ग्रामीणों के द्वारा की गई शिकायत के आधार पर 17 जून को कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार दुधमनिया विभिन्न विषयों की जांच करने के लिए आये हुये थे। जांच के दौरान जिला एवं जनपद सदस्य मौजूद थे और वे ग्रामीणों की ओर से पक्ष रख रहे थे। इसी दौरान महावीर कोल वाशरी के कर्ताधर्ता एवं अपने आप को कंपनी का प्रमुख बता कर मिट्ठू जैन उलझ गया और कहा कि मैं केवल विधायक को ही जनप्रतिनिधि मानता हूँ। इसके अलावा किसी को भी जनप्रतिनिधि नही मानता हूँ। मिट्ठू जैन ने जनप्रतिनिधियों का अपमान किया है और वहां पर मौजूद प्रशासन के अधिकारी चुप्पी साधे हुये थे। इस पत्र के अलावा 10 सूत्रीय मांग पत्रों का ज्ञापन भी सौपा गया है। जिसमें महावीर कोल वाशरी के द्वारा जमीनों को कब्जाने, स्थानीय लोगों को रोजगार न देने, प्रदूषण फैलाने, रात के अंधेरे में कोयला मिक्सिंग करने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुये दस सूत्रीय मांग पत्रों के बिन्दुओं की जांच कराकर कार्रवाई किये जाने की मांग की है। इसके अलावा गोरबी में संचालित आरकेटीसी कोल वाशरी पर भी अनियमितताएं किये जाने के आरोप लगाये गये हैं।

# सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए अमिलिया घाटी में यातायात पुलिस द्वारा लगाया गया रेडियम ट्री रिफ्लेक्टर



**सिंगरौली।** थाना यातायात पुलिस टीम ने आज दिन गुरुवार 19 जून को अमिलिया घाटी में जाकर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए रेडियम ट्री रिफ्लेक्टर लगाया गया। रेडियम ट्री रिफ्लेक्टर लगाने का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के प्रति आम जनता को जागरूक करना है। जिससे सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं रात्रि के समय वाहन चलाते समय सतर्क करने के लिए रेडियम ट्री रिफ्लेक्टर लगाए गए हैं, जिससे रात्रि के समय वाहन चालकों को रोड के आसपास स्थित पेड़ों का पता लग जाये और होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी यातायात दीपेंद्र सिंह, सउनि सुरेश शुक्ला, आर प्रवेश तिवारी, सैनिक संतोष एवं अन्य यातायात पुलिस स्टाफ का योगदान रहा।

# सरकार की योजनाओं ने सीधे जनता के जीवन में उतर कर उनको लाभ पहुंचाया है : राजेश

## सांसद एवं जिलाध्यक्ष ने लंघाडोल में लगाया चौपाल



**सिंगरौली।** मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल संकल्प से सिद्धी तक अभियान के अंतर्गत लंघाडोल मंडल के ग्राम खनुआ तथा माड़ा मंडल के ग्राम कुम्हिया में जन चौपाल का आयोजन हुआ। इस जन चौपाल में जनता के बीच सरकार की उपलब्धियों को लेकर सांसद डॉ. राजेश मिश्रा जनता के बीच पहुंचे तथा संगठन की ओर से जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह एवं संबंधित मंडल अध्यक्षों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सांसद ने मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल पर किये गये जनहितकारी कार्यों का ब्यौरा जनता के समक्ष रखा तथा सेवा सुशासन एवं संकल्प के प्रति समर्पित सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। स्वतंत्रता के बाद पहली बार किसी सरकार ने गरीबों के हितों की रक्षा का बीड़ा उठाया है और उनका जीवन स्तर सुधारने का काम किया है। साथ ही आयुष्मान, आवास, किसान सम्मान, गरीब कल्याण, उज्जवला योजना जैसी उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा कि इन सभी सरकार की योजनाओं ने सीधे जनता के जीवन में उतर कर उनको लाभ पहुंचाया है। जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने कहा कि संकल्प से सिद्धि तक के अभियान को प्रधानमंत्री के संदेश के रूप में जन-जन के बीच जा रहे हैं। चौपाल में मुख्य रूप से प्रदेश सहसयोजक रामापति जायसवाल, मंडल अध्यक्ष लंघाडोल केडी बैस, सुधीर शमा, गोविंद बैस, विक्रम सिंह, उपाध्यक्ष अमित कुशवाहा, महामंत्री मोहित कुमार कुशवाहा सहित पार्टी के समस्त पदाधिकारी एवं ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# सर्प दंश से किशोरी की मौत

**सिंगरौली।** चितरंगी थाना क्षेत्र के ग्राम लालीमाटी निवासी एक 13 साल की बालिका को बीती शाम जहरीले सर्प ने काट लिया। जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चितरंगी में उपचार के दौरान बालिका ने दम तोड़ दिया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लालीमाटी निवासी ज्योति गुप्ता पिता बबुलेश गुप्ता उम्र 13 वर्ष को बीते दिन बुधवार की शाम घर के समीप दाहिने हाथ के हथिली में जहरीला सर्प काट लिया। उपचार के लिए किशोरी को सीएससी चितरंगी में भर्ती कराया गया। लेकिन कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

# एनटीपीसी सिंगरौली में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में हैप्पीनेस प्रशिक्षण कार्यक्रम व विशेष योग सत्र आयोजित



**सिंगरौली।** प्रधानमंत्री द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा यूएनजीए में प्रस्तुत पहल के तहत पूरा विश्व 21 जून को प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मना रहा है। यह वैश्विक आयोजन स्वास्थ्य, सौहार्द और आंतरिक शांति को बढ़ावा देने के लिए योग के महत्व को रेखांकित करता है। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर टाउनशिप में कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के लिए एक विशेष हैप्पीनेस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जो आज दिन गुरुवार 19 से 22 जून तक चलेगा। यह कार्यक्रम मानसिक सुख-शांति, सकारात्मक दृष्टिकोण और समग्र जीवनशैली को अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। साथ ही 21 जून को एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी आवासीय परिसर के सभी निवासीगण भाग लेंगे तथा योग के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देंगे। यह सत्र ऊर्जावान, शांति प्रदान करने वाला, उपचारात्मक और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण है जो आत्म-चिंतन और स्वयं को पुनः खोजने का एक अद्वितीय अवसर प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर सत्रों का संचालन नरेंद्र मोहन गुप्ता, पूर्व कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी लिमिटेड एवं रश्मि गुप्ता योग प्रशिक्षक कर रहे है।

# चितरंगी थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में दो लोगों ने लगाई फांसी

**सिंगरौली।** चितरंगी थाना क्षेत्र के ग्राम पड़री में एक महिला एवं अमिलहवा गांव में एक युवक फांसी के फंदे पर झूल आत्महत्या कर लिया है। उक्त आत्मघाती कदम उठाये जाने का कारण फिलहाल अज्ञात बताया जा रहा है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना कर रही है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पड़री निवासी रईमुन निशा पति रकुज मोहम्मद उम्र 30 वर्ष ने बीती शाम को घर के अंदर बड़ेरी में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

# देवसर बाजार का अतिक्रमण हटाने में राजस्व अधिकारियों को आ रहा पसीना



**सिंगरौली।** देवसर के नौढ़िया बाजार की दुकाने सड़क पर है। जहां अतिक्रमण के चलते लगातार सीधी-सिंगरौली राष्ट्रीय राजमार्ग 75 सिकुड़ती जा रही है। वही आरोप है कि सांसद एवं कलेक्टर के निर्देश के बाद भी अतिक्रमण हटाने एसडीएम दिलचस्पी नही दिखा रहे हैं। लिहाजा दिनों दिन सड़क अतिक्रमण के चपेट में आने से आवागमन बाधित हो रहा है।

गौरतलब है कि मार्च महीने में सांसद डॉ. राजेश मिश्रा सीधी से सिंगरौली जिला मुख्यालय बैढ़न आ रहे थे। इस दौरान देवसर बाजार में अतिक्रमण के चलते जाम लग गया था और इस जाम में सांसद भी फंसे हुये थे। बैढ़न पहुंचे के बाद सांसद द्वारा जिलास्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर को निर्देशित किया गया था कि देवसर बाजार का अतिक्रमण शीघ्र हटाया जाये। कलेक्टर ने भी देवसर एसडीएम को सड़क के फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने के लिए एसडीएम को निर्देश किया था। इसके बावजूद देवसर का अतिक्रमण आज तक नही हटा और लगातार अतिक्रमण जारी है। जिससे देवसर बाजार में सड़क के दोनों साईड दिन भर में कई बार जाम लगना आम बात हो चुकी है और इस जाम से हर कोई परेशान रहता है। यहां तक कि खण्ड स्तर के अधिकारी भी जाम में फंसते रहते हैं। इसके बावजूद उप खण्ड अधिकारी सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कराने कदम नही उठा रहे हैं।

# बिना अनुमति के कोई भी अधिकारी मुख्यालय से नही जाएंगे बाहर



**सिंगरौली।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का सिंगरौली जिले के उपखण्ड देवसर अंतर्गत तहसील सरई में 25 जून को आगमन प्रस्तावित है। जिसके तैयारियों के संबंध में कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारियों की बैठक ली गई। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों से पूर्व में सौपे गये दायित्वों एवं कार्यक्रम को सुचारू रूप से आयोजित कराने के लिए जिम्मेदारियां सौपी गई है। जिसके तहत किए गए कार्यो के प्रगति के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली गई तथा निर्देश दिए गए कि सभी तैयारियां समय सीमा के अंदर पूर्ण कर लिया जाये। वही मुख्यमंत्री के आगमन को मद्देनजर रखते हुये, जिला अधिकारियों को निर्देश दिए, गए कि कोई विभाग विभागीय अधिकारी बिना अनुमति के जिला से बाहर नही जायेंगे। साथ ही उनके अधिनस्थ कर्मचारियों को भी सक्षम अधिकारी से स्वीकृति प्राप्त कर मुख्यालय से बाहर जायेंगे। कलेक्टर ने बैठक के दौरान कार्यक्रम दिवस पर वाहन पार्किंग के साथ-साथ पेयजल की समुचित व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था सहित सभा स्थल पर आने वाले आम जन मानस को निर्धारित स्थानों पर बैठाए जाने के निर्देश दिए।

# मलेरिया एवं डेंगू की जिला मलेरिया एलिमिनेशन कमेटी की बैठक आयोजित

**सिंगरौली।** वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला मलेरिया एलिमिनेषन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी नागेन्द्र सिंह द्वारा वाहक जनित रोगों के संबंध में राष्ट्रीय रणनीतीक योजना 2023-27 एवं आगामी संक्रमणकालीन माहो में किये जाने वाले उपायों की चर्चा की गई। जिससे जिले को 2027 तक मलेरिया मुक्त किया जा सके। साथ ही सभी प्रवासी नागरिकों पर विशेष निगरानी रखने के लिए कहा गया है, जिससे किसी अन्य राज्य या जिले से पॉजिटिव मरीज आकर यहां संक्रमण न फैला दें और प्रत्येक मलेरिया पॉजिटिव मरीज को आईएचआईपी पोर्टल में दर्ज किया जाये। इस बैठक में जिला सर्वेलेंस अधिकारी डॉ. जगदीश चन्द्र जायसवाल, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. राम कुशवाहा, सीबीएमओ विकासखण्ड चितरंगी डॉ. एचएस बैस, तीनों विकासखण्डो के मलेरिया निरीक्षक, मलेरिया टेक्नीकल सुपरवाईजर, बीपीएम, बीसीएम, बीईई, एलएचव्ही एवं समस्त सेक्टर सुपरवाईजर मौजूद थे।

# बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदा प्रबंधन के कार्यो के लिए हमेशा रहे तैयार अधिकारी: कलेक्टर



**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने मानसून सत्र को मद्देनजर रखते हुये बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदा प्रबंधन के लिए पूर्व में अधिकारियों सहित टीम का गठन किया गया है। साथ ही जिला कार्यालय सहित उपखण्ड कार्यालयों में कन्ट्रोल रूम स्थापित कराया गया है। कलेक्टर ने दल में गठित टीमों को निदेश दिए गए है कि आपस में समन्वय बनाकर आपदा प्रबंधन के बाचव के लिए कार्य करें। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि कम वर्षा के कारण भी कुछ स्थलों पर छोटे नालों में बहाव आ जाते हैं, ऐसे स्थलों को भी चिन्हित करें तथा आवागमन से रोकने के लिए बोर्ड लगाया जाये। ताकि बाढ़ के समय कोई भी आवागमन न करे।

साथ ही संभावित बाढ़ से प्रभावित गावों में मोटर बोट, तैराको की व्यवस्था के साथ-साथ अन्य संबंधित तैयारियां सुनिश्चित कर लिया जाये, ताकि कोई भी अप्रिय घटना घटित न हो। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को भी निर्देश दिए है कि राहत शिविरो के दौरान पर्याप्त मात्रा मे दवा एवं वैक्सीन की उपलब्धता बनी रहे, इसकी सम्पूर्ण तैयारिया कर लिया जाये।

# मुड़वानी डैम के पास दो मोटरसाइकिल आपस में भीड़ी एक युवक की मौत, दो लोग घायल

**सिंगरौली।** जयंत पुलिस चौकी क्षेत्र के मोरवा मार्ग मुड़वानी डैम के पास आज दिन गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे दो मोटरसाइकिलो की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें एक ठेकेदार युवक की मौत हो गई और दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। जिनका इलाज नेहरू शताब्दी चिकित्सालय जयंत में चल रहा है। जानकारी के अनुसार जयंत पुलिस चौकी क्षेत्र के मुड़वानी डैम के पास आज दिन गुरुवार की सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में दो अलग-अलग मोटरसाइकिलों में सवार दीपक शर्मा पिता मोहन शर्मा उम्र 33 वर्ष निवासी सिंगरौली ने दम तोड़ दिया। वह इंडियन ऑयल में ठेकेदारी का कार्य करता था।

# दोस्त की पत्नी के साथ किया दुराचार, आरोपी गिरफ्तार

**सिंगरौली।** जिले के जयंत स्थित सीएचपी में मजदूरी का काम कर रहे एक व्यक्ति के सहकर्मी ने उसकी पत्नी को अपने प्यार के जाल में फांस कर उसके साथ दुराचार की घटना को अंजाम दिया है। इतना ही नहीं आरोपी उसे वेश्यावृत्ति में भी धकेलना चाहता था। आदमी की नियत को भागते हुए पीड़िता ने उसकी चुंगल से छूटकर अपने परिजनों को आपबीती बताई। जिसके बाद मामला थाने जा पहुंचा। जहां महिला संबंधी अपराधों में संवेदनशील निरीक्षक उमेश प्रताप सिंह ने मामले की गंभीरता देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर मामला पंजीबद्ध कराकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता का पति जयंत सीएचपी में मजदूरी का कार्य कर जैतपुर जयंत में निवास करता था। उसके सहकर्मी रामसुभग वर्मा पिता बबुन्दर वर्मा निवासी इटमा का अक्सर



उसके घर आना जाना था। इसी का मौका पाकर उसने अपने दोस्त की पत्नी को प्रेमजाल में फंसाया लिया और शादी का झांसा देकर उसे अपने साथ अपने गृह ग्राम इटमा ले गया, जहां कुछ दिन बिताने के बाद वह उसे अपने रिश्तेदार के यहां मोरवा थाना क्षेत्र के स्थित चटका ले आया। जहां उसने दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर उसे अन्य लोगों से संबंध बनाने को कहा। वह उसे वेश्यावृत्ति में उतरना चाहता था। आरोपी की मनोस्थिति को भांपते हुए पीड़िता किसी तरह वहां से भाग निकली और अपने परिजनों के पास पहुंच उसने आपबीती बताई। जिसके बाद मामला थाने जा पहुंचा। इस घटना पर एसपी मनीष खत्री के निर्देशन एवं एएसपी अभिषेक रंजन एवं एसडीओपी केके पाण्डेय के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक अर्चना ध्रुव ने मामला पंजीकृत किया एवं निरीक्षक यूपी सिंह द्वारा गठित टीम ने आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। उक्त कार्रवाई में सउनि पप्पू सिंह, उमेश अग्निहोत्री, संजीत सिंह एवं प्रआर कुलदीप शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।


कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला- रीवा (म.प्र.)

//निविदा सूचना//

क्रमांक-711/ई-टेंडर/जोन-01, 03/न.पा.नि./2025 रीवा, दिनांक 18.06.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा NIT क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025_UAD_431656_1 18.06.2025 [FIRST CALL] 708/18.06.2025 | जोन क्रमांक-01 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-32 में ए वन टेलर के घर से सब्बू जी के घर तक CC सड़क निर्माण का कार्य। | 01 माह ₹01.51 लाख | ₹1000.00 ₹3020.00 | 04.07.2025 18:00 बजे तक। |
| 2. | 2025_UAD_431658_1 18.06.2025 [FIRST CALL] 709/18.06.2025 | जोन क्रमांक-03 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-16 में NH-7 मेन रोड पिज्जा हट से अजय सिंह जी के घर तक डामरीकरण का कार्य। | 02 माह ₹09.92 लाख | ₹2000.00 ₹9920.00 | 04.07.2025 18:00 बजे तक। |
| 3. | 2025_UAD_431659_1 18.06.2025 [FIRST CALL] 710/18.06.2025 | जोन क्रमांक-03 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-25 में इमरान खान जी के घर से पूर्व निर्मित नाली तक RCC नाली निर्माण का कार्य। | 01 माह ₹01.99 लाख | ₹1000.00 ₹3980.00 | 04.07.2025 18:00 बजे तक। |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जोन क्रमांक 01/03
नगर पालिक निगम
रीवा (म.प्र.)

## संपादकीय

### मोदी ने दुनिया को दिया संदेश, आतंकवाद के खिलाफ स्पष्ट रुख

भारत आतंकवाद के खिलाफ सभी देशों को एकजुट करना चाहता है। साइप्रस, कनाडा और क्रोशिया की यात्रा से पहले प्रधानमंत्री का यह कहना इस मायने में महत्त्वपूर्ण है कि आतंकवाद के मुद्दे पर सभी देशों को एकजुट करने का यही अवसर है। उन्होंने यात्रा के पहले चरण में साइप्रस को चुन कर पाकिस्तान के मित्र तुर्किये को एक तरह से कूटनीतिक संदेश दिया है। दरअसल, भारत और साइप्रस के मसले लगभग एक जैसे हैं। तुर्किये ने साइप्रस के वरोशा शहर पर ठीक उसी तरह से कब्जा कर रखा है, जिस तरह से पाकिस्तान ने कश्मीर के एक हिस्से पर। क्रोशिया की यात्रा में साइप्रस को शामिल करने के पीछे भारत की अपनी रणनीति है। गौरतलब है कि साइप्रस और भारत की समान वैश्विक चिंताएं हैं। आतंकवाद के खिलाफ भी उनका समान रुख है। दोनों ने स्पष्ट कर दिया है कि यह युद्ध का युग नहीं। कोई दो मत नहीं कि दुनिया के कुछ हिस्सों में चल रहे संघर्ष को संवाद से ही टाला जा सकता है। भू-राजनीतिक तनाव के बीच प्रधानमंत्री ने साइप्रस के राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद विश्व को यही संदेश दिया है। प्रधानमंत्री की यात्रा में सबसे अहम पड़ाव कनाडा है, जहां जी-7 शिखर सम्मेलन में उन्हें आतंकवाद के खिलाफ भारत का पक्ष बताने के साथ वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकताओं पर भी विचार रखने का अवसर मिलेगा। आपरेशन सिंदूर के बाद विश्व के नेताओं के बीच प्रधानमंत्री की यह पहली उपस्थिति है। सम्मेलन में साझेदार देशों से संबंध प्रगाढ़ करने के साथ प्रौद्योगिकी, ऊजा व रक्षा सहित कई वैश्विक मुद्दों पर चर्चा से भारत के लिए नई राह खुलेगी। प्रधानमंत्री के दौरे से कनाडा से संबंध सुधरने की उम्मीद है। जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल में भारत पर बेबुनियाद आरोप लगाए गए थे। जिससे दोनों देशों के बीच तल्खी बढ़ गई थी। शिखर सम्मेलन में भारत को न्योता देकर कनाडा ने वैश्विक कूटनीति को प्राथमिकता दी है। वह जानता है कि भारत उभरती ताकत है और उसके बिना सात देशों का विशिष्ट समूह अधूरा है।

**इक्कीसवीं सदी में दुनिया भर के विकसित व विकासशील देशों के हुक्मरान व लोग तो कम से कम यह अच्छे से जानते हैं कि प्रकृति से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ करना धरती पर जीवन के लिए बेहद घातक है और ऐसा करने से भविष्य में बेहद भयावह परिणाम से पृथ्वीवासियों को रूबरू होना पड़ सकता है। लेकिन फिर भी दुनिया के ताकतवर लोगों की यह ज़मात ही विकास के नाम पर भयावह विनाश की नींव रखने का कार्य अपने ही हाथों से करने का काम कर रही है। आलम यह हो गया है कि विकास के नाम पर दुनिया भर में चल रही अंधी दौड़ जल, थल व वायु में उपस्थित सभी जीव-जंतुओं, पेड़-पौधों आदि के जीवन पर अब भारी पड़ने लगी है।**

# विकास के नाम पर प्रकृति से खिलवाड़ करने वाला व्यवहार उचित नहीं पर

(दीपक कुमार त्यागी)

भारत के संदर्भ में देखें तो हाल ही में जारी आईडीएमसी संस्था की रिपोर्ट के अनुसार 2015 से 2024 के बीच भारत में 32.3 मिलियन लोग विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं के कारण विस्थापित हुए हैं, जिसमें से सर्वाधिक बाढ़ और तूफान के कारण विस्थापित हुए हैं।

इक्कीसवीं सदी में दुनिया भर के विकसित व विकासशील देशों के हुक्मरान व लोग तो कम से कम यह अच्छे से जानते हैं कि प्रकृति से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ करना धरती पर जीवन के लिए बेहद घातक है और ऐसा करने से भविष्य में बेहद भयावह परिणाम से पृथ्वीवासियों को रूबरू होना पड़ सकता है। लेकिन फिर भी दुनिया के ताकतवर लोगों की यह ज़मात ही विकास के नाम पर भयावह विनाश की नींव रखने का कार्य अपने ही हाथों से करने का काम कर रही है। आलम यह हो गया है कि विकास के नाम पर दुनिया भर में चल रही अंधी दौड़ जल, थल व वायु में उपस्थित सभी जीव-जंतुओं, पेड़-पौधों आदि के जीवन पर अब भारी पड़ने लगी है। दुनिया में लोगों व जीव-जंतुओं के साथ-साथ अब पेड़-पौधे तक भी असमय काल का ग्रास बनने लगे हैं, लेकिन फिर भी हम लोग ना जाने क्यों अभी भी समय रहते हुए सुधरने के लिए तैयार नहीं हैं। हम लोग अपनी जरूरतों और आर्थिक स्वार्थों को पूरा करने के लिए जमकर के जल, थल व वायु में उपस्थित प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन कर रहे हैं।

जिस तरह से हमने भूजल का अंधाधुंध दोहन करते हुए उसको प्रदूषित करने का कार्य किया है, उसके चलते ही स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति आज एक बहुत बड़ी चुनौती बन गयी है। हमने समुद्र से बहुमूल्य संपदा निकाल करके, उसकी छाती को चीरते हुए छोटे-बड़े जहाज़ चला कर, समुद्र को कचरा डंप करने का एक स्थान बनाकर के, समुद्र में तेज़ी से अंधकार को बढ़ाते हुए मानव व जलीय जीवों के जीवन को बड़े ख़तरे में डाल दिया है। आज जिस तरह से हम अपने आर्थिक हितों व जरूरतों को साधने के लिए प्रथ्वी के गर्भ में छिपी अथाह प्राकृतिक संपदा का अंधाधुंध दोहन करके धरती को खोखला कर रहे हैं, वह ठीक नहीं है। भूजल को रीचार्ज करने वाले स्रोतों पर कब्जा करके कंक्रीट का जाल बनने से तेज़ी गिरता भूजल का स्तर एक नयी चुनौती है। जिस तरह से हमने वायु प्रदूषण, हवाई यातायात व अन्य कारकों से आसमान को छलनी करने का कार्य किया है, उससे उत्पन्न स्थिति की भरपाई लोगों व जीव-जंतुओं को अपना अनमोल जीवन देकर करनी पड़ रही है। लेकिन विचारणीय तथ्य यह है हम फिर भी नहीं सुधरने का नाम ले रहे हैं। दुनिया भर में प्लास्टिक का कचरा, लोहे का कचरा, मेडिकल कचरा, ई कचरा, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का कचरा, टू व फ़ोर-व्हीलर वाहनों का कचरा, विभिन्न प्रकार के केमिकलों का कचरा, परमाणु पदार्थों का कचरा आदि ने हमारे चारों तरफ की स्वच्छ प्राकृतिक आबोहवा को प्रदूषित करते हुए प्रकृति को भारी नुक़सान पहुंचाने का कार्य किया है। प्रकृति को नुक़सान पहुंचाने की रही-सही कसर दुनिया में चल रही हथियार बनाने की होड़ व युद्ध पूरी कर रहे हैं।



दुनिया भर में पर्यावरण के लिए नुकसानदायक गैसों के उत्सर्जन से ओजोन परत को नुक़सान हो रहा है?, जिसका प्रभाव सभी पर पड़ रहा है। प्रकृति से खिलवाड़ के चलते ही आज पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग के भयावह दौर से गुजर रहा है, जिसके चलते पर्यावरण में होने वाले बदलाव अब धरातल पर स्पष्ट रूप से नज़र आने लगे हैं। दुनिया में कहीं पर असामान्य बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है, तो कहीं पर जबरदस्त बाढ़ का प्रकोप जान-माल को लीलने का काम कर रहा है, तो कहीं पर जबरदस्त सूखे की मार चल रही है, कहीं पहाड़ों के साथ विकास के नाम पर की गयी छेड़छाड़ के चलते भूस्खलन व पिघलते ग्लेशियर का प्रहार है, कहीं पर गर्म हवाओं के थपेडों की मार है, कहीं पर असामान्य बर्फीली हवाओं का प्रहार है।

भारत के संदर्भ में देखें तो हाल ही में जारी आईडीएमसी संस्था की रिपोर्ट के अनुसार 2015 से 2024 के बीच भारत में 32.3 मिलियन लोग विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं के कारण विस्थापित हुए हैं, जिसमें से सर्वाधिक बाढ़ और तूफान के कारण विस्थापित हुए हैं। आईडीएमसी संस्था ने चेतावनी दी है कि भविष्य में जलवायु परिवर्तन के कारण नदी और तटीय बाढ़, सूखे और चक्रवाती तूफानों के कारण भारत में विस्थापन का खतरा और बढ़ सकता है। आंकड़ों के अनुसार भारत में बाढ़, सूखा, चक्रवात, भूकंप तथा भूस?खलन की घटनाएं होना आम बात हैं। देश के लगभग 60 प्रतिशत भू भाग में भूकंप का खतरा हमेशा रहता है। देश में लगभग 40 मिलियन हेक?टेयर से अधिक क्षेत्र में बाढ़ बार-बार आती रहती है, जिससे जान-माल का भारी नुक़सान होता है। देश की कुल 7516 किलोमीटर लंबे तटरेखा क्षेत्र में से 5700 किलोमीटर के तटरेखा क्षेत्र में चक्रवात का खतरा बना रहता है। देश में सूखा, सुनामी, वनों के कटान से दमघोंटू प्रदूषण व वनों में आग लगने की घटनाएं आम होती जा रही हैं। हालांकि देश में जिस तेज़ी के साथ हम घर, घेर, खेत, खलिहानों, वन क्षेत्रों आदि से वृक्षों को काट करके कंक्रीट के जंगल खड़े करते जा रहे हैं, वह प्रकृति से खिलवाड़ का एक सबसे बड़ा उदाहरण है। जिस तरह से हम विभिन्न प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन करने में लगे हैं, वह चिंतित करने वाला है। हमें समय रहते प्रकृति के द्वारा दिए जा रहे बार-बार के चेतावनी के संकेतों का समझना चाहिए। देश 140 करोड़ लोगों के जीवन की सुरक्षा की खातिर अब हमें नियमित रूप से प्रकृति के संरक्षण के लिए धरातल पर कार्य करने के लिए एक ठोस रूपरेखा बनानी चाहिए, तब ही भविष्य में स्थिति सामान्य रह सकती है। हालांकि प्रकृति से खिलवाड़ की स्थिति मानव जाति व हर प्रकार के जीवन के लिए बहुत ही दुखद दायक साबित होती जा रही है। फिर भी लोग अपने स्वार्थ के लिए प्रकृति के साथ लगातार खिलवाड़ करते जा रहे हैं, उनका यह व्यवहार चिंतित करने वाला है। क्योंकि समय रहते अगर हम लोगों ने प्राकृतिक के साथ सामंजस्य बैठाना नहीं सीखा तो धरती पर स्वस्थ्य जीवन दूर की कौड़ी बन जायेगा। वैसे भी दुनिया भर के वैज्ञानिक और पर्यावरणविद बार-बार सचेत कर रहे है कि प्रकृति के साथ खिलवाड़ करना अगर जल्द बंद नहीं हुआ तो एक दिन यह दुनिया से जीवन खत्म होने का सबसे बड़ा कारण बन सकता है। इसलिए कम से कम भारत में तो अब वह समय आ ही गया है, जब सभी देशवासियों को एक जागरूक व जिम्मेदार नागरिक के रूप में प्रकृति के सरंक्षण के लिए सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर के कार्य करना होगा, तब ही भविष्य में भारी-भरकम जनसंख्या वाले हमारे प्यारे देश के नागरिक खुश रह सकते हैं। (लेखक अधिवक्ता, स्तंभकार व राजनीतिक विश्लेषक हैं) (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# ईरान-इजरायल युद्ध से दुनिया के सामने नई चुनौती

(ललित गर्ग)

ईरान भी अपनी पूरी क्षमता के साथ इजरायल पर मिसाइलों से हमला कर रहा है। उधर, इजरायल इस बात पर अड़ा है कि जब तक वह ईरान की परमाणु बम बनाने की क्षमता और मिसाइलों के जखीरे को खत्म नहीं कर देता है तब तक हमले जारी रहेंगे।

इजरायल ने ईरान के 'परमाणु कार्यक्रम ठिकानों' पर अचानक हमला करके न सिर्फ दुनिया को चौंका दिया है बल्कि पश्चिमी एशिया के पूरे क्षेत्र को अनिश्चितता, भय, अशांति एवं संकट के भंवर में डाल दिया है। ईरान जवाबी कार्रवाई करते हुए इजरायल को करारा जवाब दे रहा है। जहां इस्राइल इन हमलों को अपने अस्तित्व को बचाने की कार्रवाई बता रहा है, वहीं ईरान जवाबी कार्रवाई कर शीघ्र बदला लेने की बात कर रहा है। लेकिन इन दो राष्ट्रों के संघर्ष एवं युद्ध में समूची दुनिया पीस रही है। एक और युद्ध से दुनिया में विकास का रथ थमेगा, महंगाई बढ़ेगी, तेल के दाम आसमान छूने लगेंगे, व्यापक जनहानि होगी। युद्ध कभी भी किसी के हित में नहीं होता, आखिर समझौते के लिये टेबल पर बैठना ही होता है, तो पहले ही टेबल पर क्यों न बैठा जाये? विनाश एवं सर्वनाथ करने के बाद युद्ध विराम करना कैसे बुद्धिमत्ता है?

इजरायल ने ईरान के खिलाफ अपनी कार्रवाई को ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया है, जो बताता है कि यह अपने आप में महज एक कार्रवाई नहीं बल्कि नया सिलसिला हो सकता है। हमलों का व्यापक एवं विनाशकारी रूप भी इसकी गंभीरता को स्पष्ट कर देता है। कम से कम छह राउंड में किए गए हवाई हमलों के तहत ईरान के परमाणु कार्यक्रम ठिकानों को निशाना बनाया गया। यही नहीं, ईरान के सबसे बड़े सैन्य अधिकारी इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स के चीफ हुसैन सलामी के भी मारे जाने की खबर है। ईरान ने तो जवाबी कार्रवाई का इरादा जता ही दिया है, खुद इजरायल सरकार ने भी अपने नागरिकों से अगले कुछ दिन घरों के अंदर रहने और खाने-पीने का सामान इकट्ठा कर लेने को कहा है। इजरायली कार्रवाई के वैश्विक दुष्प्रभावों का संकेत इसी एक तथ्य से मिल जाता है कि पहले हमले के कुछ घंटों के अंदर अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें 13 प्रतिशत बढ़ गई। दुनिया के शैयर बाजार धराशायी हो गये हैं। इसमें दो राय नहीं कि इजरायल लंबे समय से कहता रहा है कि ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से हर हाल में रोका जाए और जरूरी हो तो उसके लिए बल प्रयोग से भी हिचका न जाए। उसका कहना है कि ईरान इस स्थिति में आ गया था कि कुछ दिनों के अंदर 15 परमाणु बम बना सकता था। एक भयानक संशय का वातावरण बना हुआ है। पहले रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमाम, कुछ समय भारत-पाक और अब इजरायल-ईरान के बीच युद्ध की स्थितियां बनना विश्व युद्ध की संकटपूर्ण स्थितियों को बल दे रही है। संशय से भरा हुआ आदमी प्रेम एवं मानवीयता से खाली होता है। पारस्परिक स्नेह, सद्भाव, सौहार्द और विश्वास के अभाव में उसका संदेहशील मन सदैव युद्ध, हिंसा, सुरक्षा के साधन जुटाने में संलग्न रहता है। उसका मन कभी निर्भय नहीं होता, वृत्तियां शान्त नहीं होतीं, संग्रह उसके सुख, संतोष और शांति को सुरसा बन लील जाता है।

जिसने परमाणु-शस्त्रों के निर्माण और फैलाव से विश्व को तनाव और संत्रास का वातावरण दिया, अनिश्चय और असमंजस की विकट स्थिति दी, उसने विश्व शांति के धरातल छिन लिया है। इन विनाशकारी स्थितियों में मानवीय सहृदयता, सहिष्णुता और सह-अस्तित्व की भावना को कैसे अक्षुण्ण रखा जा सकता है? अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव कर तीसरी दुनिया को विकास के समुचित अवसर और साधन देने की संभावनाएं कैसे बलशाली बन सकती है? मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध की विभीषिका से मुक्ति देना वर्तमान की बड़ी जरूरत है। क्योंकि वर्तमान युद्ध की जटिल से जटिलतर होती परिस्थितियों को देखें तो यह पश्चिम एशिया से लेकर दक्षिण एशिया और समग्र वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बहुत खतरनाक समय है। यदि अन्य देश भी इस संघर्ष में खेमेबाजी का शिकार होकर जुड़ते गए तो यह खतरा कई गुना बढ़ जाएगा। अच्छी बात यही है कि अभी तक तो ऐसा कुछ नहीं हुआ है। भारत के लिए बेहतर यही होगा कि शांति एवं कूटनीतिक विकल्पों की वकालत करता रहे, लेकिन उसे खुद भी किसी भी प्रकार की स्थितियों के लिए तैयार रहना होगा।

दुनिया में पहले से ही काफी उथल पुथल मची हुई है। अरब देश संघर्ष लंबा खिंचने पर क्या रूख अख्तियार करते हैं। मुस्लिम देशों की जनता में यह सोच पहले से है कि यहूदी सरकार मुस्लिमों पर अत्याचार कर रही है। ऐसे में उनके लिए भी अपनी जनता की भावनाओं को नियंत्रित करना आसान नहीं होगा। वहीं इजरायल के सामने भी एक बड़ी चुनौती है कि अगर उसने संघर्ष शुरू किया है तो वह ईरान के खतरे को हमेशा के लिए खत्म करे। ऐसे में इजरायल का सैन्य अभियान लंबा चल सकता है। वह लक्ष्य हासिल होने तक युद्ध को जारी रख सकता है। इसके लिए ईरान की सत्ता में बदलाव या राजनीतिक नेतृत्व को खत्म करना होगा। यहां अमेरिका का समर्थन अहम होगा। बेहतर होगा दुनिया को भारी नुकसान से बचाने के लिये पूतिन एवं ट्रंप युद्ध की आग बुझाने की कोशिश करें। उनका आपस का दोस्ताना संवाद फिलहाल दुनिया के लिये अकेली उम्मीद की किरण है, हालांकि यूरोपीय संघ को और विशेषतः चीन कुछ हद तक यह अच्छा नहीं लगेगा। लेकिन युद्ध के अंधेरों एवं शांति के उजालों के लिये यही एक रास्ता है।

ईरान पर इजरायल के हमले ने पहले से युद्धरत एवं अस्थिर दुनिया को अधिक वैश्विक संघर्ष की ओर ढकेल दिया है। ईरान भी अपनी पूरी क्षमता के साथ इजरायल पर मिसाइलों से हमला कर रहा है। उधर, इजरायल इस बात पर अड़ा है कि जब तक वह ईरान की परमाणु बम बनाने की क्षमता और मिसाइलों के जखीरे को खत्म नहीं कर देता है तब तक हमले जारी रहेंगे। अगर यह संघर्ष लंबा खिंचता है तो सिर्फ दो देशों तक सीमित नहीं रहेगा। आगे चलकर इसमें अमेरिका, चीन और रूस जैसी बड़ी शक्तियां शामिल हो सकती हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध से दुनिया पहले ही दो खेमों में बंटी दिख रही है। ईरान ऐसी जगह पर हैं, जहां से वह बहुत सीमित संसाधनों के साथ समुद्र से होने वाले वैश्विक व्यापार को बाधित कर सकता है। इससे ग्लोबल सप्लाई चेन चरमरा सकती है, विश्व व्यापार ठप्प हो सकता है और विश्व में तेल आपूर्ति का संकट पैदा हो सकता है।

## वर्ग पहेली 5767

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | ■ | 11 | | | ■ | |
| 12 | | 13 | ■ | ■ | 14 | | |
| 15 | | | ■ | 16 | | ■ | |
| ■ | 17 | | ■ | | ■ | 18 | ■ |
| 19 | ■ | 20 | 21 | | ■ | 22 | 23 |
| 24 | | ■ | 25 | | | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 1906 को इस भारतीय क्रांतिकारी ने जन्म लिया था (8)
7. भुना हुआ दाना, लावा, कील (2)
8. जंगल, वन, अरण्य (3)
9. सिंह, वीर पुरूष, नाहर, केसरी (2)
11. दावा, फरियाद, अभियोग, मुकदमा (3)
12. डर, भय, आशंका, जोखिम (3)
14. गंध फैलाना (3)
15. चांदी, उजला (3)
16. एक प्रसिद्ध दिवंगत हास्य अभिनेता जिनका बेटा भी अभिनेता-निर्देशक था (2)
17. मिट्टी एवं पानी आदि का लेसदार घोल (2)
20. फर्श आदि पर बिछाई जाने वाली छपी हुई चादर (3)
22. विविध, एक रिश्ता, मातामह (2)
24. दक्षिणी अमेरिका के प्रशांत तट पर स्थित पेरू देश की यह राजधानी है (2)
25. तारा शंकर बंदोपाध्याय की एक सुप्रसिद्ध कृति, समूह में बंटे हुए देवता (5)

**ऊपर से नीचे**
1. चंद्रमारूपी शिरोभूषण पहनने के कारण भगवान शिव का एक नाम (5)
2. अभिमान, दर्प, डींग, अकड़ (2)
3. अखरना, खटकना, बुरा लगना (3)
4. छोटे-छोटे तारों का समूह, मंदाकिनी (5)
5. प्राण, मूल तत्व, शरीरिक शक्ति, सामर्थ्य (2)
6. दन-दन शब्द होना, खुशी मनाना (5)
10. रात्रि में होने वाला जागरण (4)
13. उल्लू को यह भी कहा जाता है (4)
16. हमला करना, चढ़ाई करना (4)
18. पद के लिए उम्मीदवारों में से बहुमत के आधार पर चुनना (3)
19. इस देश में तांबे की विश्व की सबसे बडी खान है जो कि 3000 मीटर की ऊंचाई पर है (2)
21. संसार, विश्व, एक प्रकार का बर्तन (2)
23. रिश्ता, संबंध (2)

### वर्ग पहेली 5766 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | के | श | ■ | बे | ल | गा | म |
| म | ला | ल | ■ | त | ख | मी | ना |
| ता | ■ | भ | ग | वा | ■ | ■ | व |
| ज | य | ■ | री | ■ | ग | ब | न |
| ■ | क | री | ब | ■ | या | म | ■ |
| द | र | मा | ■ | बा | ना | ■ | र |
| ल | की | ■ | सा | दा | ■ | दा | ग |
| ■ | ब | ल | रा | म | आ | ख | ड़ |

# सोशल मीडिया सिर्फ छवि ध्वस्त करने का यह माध्यम?

(निरंजन दास)

सोशल मीडिया आज के युग की एक बड़ी सच्चाई है। मगर कई मामलों में यह खतरनाक दानव साबित हो रहा है। अभी तक यह किसी जिम्मेदार तंत्र के नियंत्रण में नहीं है, ताकि इस पर पोस्ट की जाने वाली सामग्रियों की प्रामाणिकता की जवाबदेही तय की जा सके। किसी पोस्ट के राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मामला बनने पर ही सरकारी या गैर-सरकारी हस्तक्षेप से संबंधित सामग्री का नियमन होता है, वह भी नाममात्र का। और जब तक नियमन की प्रक्रिया पूरी हो पाती है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। पोस्ट करने वाला अपने मूल उद्देश्य में, यानी आपकी छवि ध्वस्त करने के इरादे में सफल हो चुका होता है। सोशल मीडिया पर अक्सर भ्रामक जानकारियां पोस्ट की जाती हैं। अगर आप उन पर भरोसा करते हैं या उनको साझा करते हैं, तो आपकी छवि को गहरा धक्का लग सकता है। इस माध्यम के सबसे बड़े खलनायक हैकर्स हैं, जो आपकी निजी जानकारियों या संदेशों तक पहुंच जाते हैं। सोशल मीडिया का बहुत ज्यादा उपयोग अवसाद, तनाव जैसी स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकता है। इसके विभिन्न मंचों पर अक्सर ऐसी तस्वीरें चर्चा बटोरती हैं, जो वास्तविक नहीं होतीं। इन तस्वीरों के देखकर आप संबंधित व्यक्ति के बारे में गलत धारणा बना सकते हैं। इस पर लोग अक्सर दूसरों की तुलना में अपने जीवन को खुशहाल दिखाने की कोशिश करते हैं। इससे आप कुंठा के शिकार हो सकते हैं। आजकल मेट्रो में आप देखें, हर यात्री अपने मोबाइल में फेसबुक, इंस्टाग्राम या वाट्सएप ग्रुप में डूबा मिलेगा। कोई किसी से संवाद करता हुआ कम दिखता है। इस तरह ये मंच दिन-ब-दिन आपको दूसरों से काट रहे हैं। ऐसे में, आपमें अकेलापन और अलगाव की भावनाएं मजबूत हो सकती हैं, जिनसे आपको नुकसान ही होगा। सोशल मीडिया पर यदि आपने गलत जानकारी साझा की या कोई फर्जी वीडियो या फोटो पोस्ट की, तो बेमतलब कानूनी पचड़े में फंस सकते हैं। सोशल मीडिया युवाओं के लिए अविश्वसनीय रूप से हानिकारक साबित हो रहा है। पश्चिम में कई शोध इसका खुलासा कर चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया समेत कई देश इसके नियमन के ठोस कानून बना रहे हैं। बच्चों का स्क्रीन पर ज्यादा समय न सिर्फ उनकी आंखों को प्रभावित कर रहा, बल्कि उन्हें उन व्यावहारिक ज्ञान से दूर कर रहा, जो जिंदगी भर काम आते हैं। इसीलिए यह जरूरी है कि सोशल मीडिया से पर्याप्त दूरी बरती जाए। हमें लोगों को सोशल मीडिया की सीमाएं बताने, इसके उपयोग का मॉडल बनाने और बच्चों को इसका सुरक्षित उपयोग सिखाने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है।

## आज का राशिफल

### मेष
आज कार्यक्षेत्र में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कोई पुराना प्रॉजेक्ट पुनः शुरू हो सकता है जो पहले रुका हुआ था। नौकरीपेशा जातकों को टीम का सहयोग मिलेगा, जिससे प्रदर्शन बेहतर होगा। व्यापारी वर्ग को किसी बड़े ऑर्डर की प्राप्ति हो सकती है। धन की आवक पहले से बेहतर होगी।

### वृष
आज शुक्र की शुभ दृष्टि से धन लाभ के संकेत मिल रहे हैं। कोई पुराना रुका हुआ पेमेंट प्राप्त हो सकता है। पार्टनरशिप व्यापार में स्थिरता आएगी और नए ग्राहक जुड़ सकते हैं। विदेशी स्रोतों से भी आय संभावित है। नौकरीपेशा लोग किसी वरिष्ठ की सहायता से एक नई ज़िम्मेदारी प्राप्त कर सकते हैं जिससे भविष्य में पदोन्नति के द्वार खुलेंगे।

### मिथुन
आज भाग?य साथ दे रहा है। आपको लाभ के कई स्रोत मिल सकते हैं, विशेषकर यदि आप किसी रचनात्मक या कलात्मक क्षेत्र में हैं। नौकरीपेशा जातकों को प्रमोशन या वेतनवृद्धि की सूचना मिल सकती है। खुदरा व्यापार या वस्त्र, सौंदर्य प्रसाधन, डिजाइनिंग से जुड़े लोगों को बड़ा ग्राहक मिल सकता है।

### कर्क
आज दिन शुभ है और आपके लिए लाभ के योग बने हैं। यदि कोई इंश्योरेंस, टैक्स रिफंड या पुराना निवेश है तो उससे लाभ मिल सकता है। व्यवसाय में गुप्त योजना या रिसर्च से जुड़ा कार्य फल देगा। आयात-निर्यात या कानूनी सलाह से जुड़े लोग प्रगति करेंगे।

### सिंह
आज दिन काफी व?यस?तता से भरा होगा। ऑफिस में काम का दबाव अधिक रहेगा और साथ ही त्वरित निर्णय लेने में कठिनाई हो सकती है। सहकर्मियों से मदद न मिलने पर अकेले ही समस्याओं का समाधान करना पड़ सकता है। कानूनी या विवादित मामलों से जुड़ी आर्थिक उलझनें बढ़ सकती हैं।

### कन्या
आज भाग्य साथ देगा। दिन आपकी सूझबूझ को परखने वाला है। आपको ऐसे कई कार्य मिल सकते हैं जहां एक साथ कई जिम्मेदारियों को निभाना होगा। बैंकिंग, बीमा, डाटा एनालिसिस, हेल्थकेयर या सरकारी सेक्टर से जुड़े लोग महत्वपूर्ण मीटिंग्स में रहेंगे।

### तुला
आज धन लाभ के योग बन रहे हैं, विशेषकर यदि आप फैशन, डिजाइनिंग, कला या कंसल्टिंग से जुड़े हैं। साझेदारी के कार्यों में थोड़ी सावधानी बरतें, पर लाभ अवश्य होगा। किसी अनुभवी मित्र की सलाह से कोई रुका हुआ व्यापारिक काम दोबारा शुरू किया जा सकता है।

### वृश्चिक
आज लोगों के लिए लाभ के योग बने हैं। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी, जिससे बॉस या वरिष्ठ अधिकारी प्रभावित हो सकते हैं। नई नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को कोई कॉल आ सकता है। चंद्रमा की पंचम स्थिति से रचनात्मक कार्यों में लाभ मिलेगा।

### धनु
आज लाभ के योग बने हैं और आपको अचानक कोई लाभदायक प्रस्ताव या ऑफर प्राप्त हो सकता है। चंद्रमा की स्थिति आपको संपत्ति, वाहन या प्रॉपर्टी से लाभ दिला सकती है। गुरु की शुभ दृष्टि आपको बैंकिंग, शिक्षण, धार्मिक या सलाह देने वाले व्यवसायों में सफलता दिला सकती है।

### मकर
आज लाभ के योग बने हैं और आपको मान सम्मान की भी प्राप्ति होगी। व्यापार में विस्तार और स्थिरता का संकेत दे रही है। पुराने कस्टमर या क्लाइंट्स से दोबारा संपर्क होने की संभावना है। नौकरीपेशा लोगों को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा जा सकता है, लेकिन आप उसे सफलता से निभाएंगे।

### कुंभ
आज दिन लाभ से भरा होगा और वित्तीय मामलों में मिश्रित लाभ होने की उम्मीद है। कुछ खर्चों में अचानक बढ़ोत्तरी हो सकती है, लेकिन साथ ही आय में भी वृद्धि के संकेत हैं। यदि आप स्वतंत्र पेशेवर, फ्रीलांसर या कंसल्टेंट हैं, तो नया क्लाइंट मिलने की संभावना है। फंडिंग, बीमा, एनजीओ या सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोग व्यस्त रहेंगे।

### मीन
आज लाभ के योग बने हैं और आपके लिए आर्थिक उन्नति के योग बन रहे हैं। किसी पुराने निवेश से लाभ मिलेगा और सोशल नेटवर्क के ज़रिए नया बिजनेस अवसर भी प्राप्त हो सकता है। मेडिकल, सेवा, काउंसलिंग या कंसल्टेंसी से जुड़े लोग नाम और पैसा दोनों कमा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी के गाजियाबाद में थाने के सामने गोली मारकर मर्डर, कार निकालने के विवाद में बवाल

**मुरादनगर, एजेंसी।** यूपी के गाजियाबाद के मुरादनगर में चौंकाने वाली वारदात हुई है। मुरादनगर थाने के सामने बुधवार रात सवा बारह बजे एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान गांव मिल्क रावली निवासी रवि शर्मा के रूप में हुई है। परिजनों ने शव को थाने के सामने रखकर प्रदर्शन किया और आरोपी के एनकाउंटर की मांग की। रवि शर्मा और आरोपी अजय व मोंटी के बीच बुधवार रात करीब दस बजे कार निकालने को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के बाद आरोपी रवि के घर पहुंचे और मारपीट की। आरोपी अजय ने रवि के घर के गेट पर दो फायर भी किए। पीड़ित पक्ष ने डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस की सलाह पर रवि अपने भाई के साथ थाने शिकायत करने पहुंचा। आरोपी भी वहां आ गए। इसी दौरान अजय और मोंटी ने रवि पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। चार गोलियां लगने से रवि जमीन पर गिर गए। आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल रवि को मोदीनगर के निवोक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। सूचना पर डीसीपी ग्रामीण और एसीपी मसूरी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। परिजनों ने शव थाने के गेट पर रखकर हंगामा करना शुरू कर दिया है। महिलाओं की मांग है आरोपियों का घर पर बुलडोजर चले और एनकाउंटर किया जाए। उनका कहना है कि जैसा हमारा मरा है, वैसे ही आरोपी का भी एनकाउंटर होना चाहिए। मौके पर पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा भी पहुंचे।

### सुखबीर सिंह बादल को एक और मोहलत, 20 दिनों में पटना साहिब में हाजिर होने का आदेश

**पटना सिटी, एजेंसी।** तख्त श्री हरिमंदिरजी में पंच प्यारों की बैठक रविवार को जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह की अध्यक्षता में हुई, जिसमें पंच प्यारों ने हुकुमनामा जारी करते हुए अकाली दल प्रमुख सुखबीर सिंह बादल को 20 दिनों की मोहलत दी है। पंच प्यारों ने बादल को 20 दिनों के अंदर हाजिर होने और अपना पक्ष रखने का आदेश दिया है। बैठक में अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह, भाई गुरुदयाल सिंह, सीनियर मीत ग्रंथी ज्ञानी परशुराम सिंह, मीत ग्रंथी अमरजीत सिंह शामिल हुए। पंच प्यारों ने हुकुमनामा जारी करते हुए अकाली दल प्रमुख सुखबीर सिंह बादल को 20 दिनों का समय दिया है और पंच प्यारों के सामने शारीरिक रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का आदेश दिया है। हुकुमनामा के अनुसार एसजीपीसी के अध्यक्ष सरदार हरजिंदर सिंह धामी ने पंच प्यारों से फोन के जरिए कुछ और मोहलत मांगी थी। एसजीपीसी अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी के अनुरोध पर विचार करते हुए पंच प्यारों ने बादल को 20 दिन का और समय दिया है। अकाल तख्त पहुंचे तनखैया घोषित सुखबीर सिंह बादल, पैर में हुआ फ्रैक्चर इससे पहले 21 मई को जारी हुकुमनामा के बाद भी 1 जून को 10 दिनों का अतिरिक्त समय दिया गया था। उस हुकुमनामा की अवधि पूरी हो जाने पर 20 दिन की और मोहलत दी गई है। बता दें कि 21 मई को हुए पंच प्यारों की आपात बैठक में श्री अकाल तख्त साहिब के कार्यकारी जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज और तख्तश्री दमदमा साहिब के जत्थेदार बाबा टेक सिंह को तख्त साहिब के हुकुमनामा का उल्लंघन करने का दोषी मानते हुए तनखैया घोषित कर दिया गया था। अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल को भी इसमें दखल देने वाला साजिशकर्ता मानते हुए तख्त साहिब में हाजिर उपस्थित होने का आदेश दिया था।

### यूपी में बदल सकते हैं एसीएस से लेकर कई कमिश्नर और डीएम, मुख्य सचिव को लेकर भी चर्चाएं तेज

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी में जल्द ही बड़े बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। अपर मुख्य सचिव से लेकर कई मंडलायुक्तों के साथ जिलाधिकारियों के बदलाव की चर्चाएं तेज हो गई हैं। कहा जा रहा है कि माह के अंत तक कुछ बड़े बदलाव हो सकते हैं। इसके साथ ही मनोज कुमार सिंह के अगले माह सेवानिवृत्त होने से मुख्य सचिव को लेकर भी चर्चाओं का बाजार गर्म है। उनका कार्यकाल बढ़ाए जाने से लेकर नए मुख्य सचिव के नाम की चर्चा सत्ता के गलियारें में खूब तैर रही हैं। इसमें एसपी गोयल, देवेश चतुर्वेदी और दीपक कुमार के नाम की खूब चर्चाएं हैं। प्रदेश में मौजूदा समय वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों की कमी हो गई है। इसके चलते एक-एक अधिकारी के पास कई-कई विभागों की जिम्मेदारी है। कृषि उत्पादन आयुक्त के पद से मोनिका एस. गर्ग के सेवानिवृत्त होने के बाद वर्ष 1990 बैच के आईएएस अधिकारी दीपक कुमार को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। उनके पास पहले से अपर मुख्य सचिव वित्त के साथ माध्यमिक शिक्षा और बेसिक शिक्षा की जिम्मेदारी है। इसी माह इसी बैच के जितेंद्र कुमार सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनके पास अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार पुनर्गठन समन्वय, भाषा, राष्ट्रीय एकीकरण, सामान्य प्रशासन विभाग और निदेशक हिंदी संस्थान का प्रभार है। उनके सेवानिवृत्त होने के बाद इन पदों पर स्थाई तैनाती होगी या फिर अतिरिक्त प्रभार देकर काम चलाया जा सकता है। चर्चा है कि अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारियों के दायित्वों में बदलाव किए जाने पर मंथन शुरू हो गया है। इसके साथ ही प्रदेश के कई मंडलों में मंडलायुक्तों का बलदाव किया जाना है।

# महाराष्ट्र की तीन भाषा नीति के समर्थन में सीएम फडणवीस, हिंदी को लेकर मचा है बवाल

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र सरकार की तीसरी भाषा नीति को लेकर राज्य में राजनीतिक विवाद गरमा गया है। जहां मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस नीति का समर्थन किया है, वहीं महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में शामिल करने का कड़ा विरोध जताया है। विपक्षी दल कांग्रेस ने भी इसका विरोध किया है। पूरे विवाद के बीच फडणवीस ने बुधवार को कहा कि राज्य के छात्रों के लिए हिंदी सीखने की ''अनिवार्यता'' नए आदेश में हटा दी गई है और अब किसी भी भारतीय भाषा को तीसरी भाषा के रूप में चुना जा सकता है। फडणवीस ने देहू में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि अंग्रेजी को व्यापक रूप से बढ़ावा दिया जाता है, लेकिन भारतीय भाषाओं की अकसर उपेक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि भाषाओं को लेकर विवाद अनावश्यक है। राज्य सरकार ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर कहा था कि मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में पहली कक्षा से पांचवीं कक्षा तक के छात्रों को हिंदी ''सामान्य रूप से'' तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाई जाएगी। हिंदी पर सरकार के ताजा आदेश से विवाद पैदा होने के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को स्पष्ट किया कि छात्रों के लिए हिंदी सीखने की ''अनिवार्यता'' हटा दी गई है तथा अब किसी भी भारतीय भाषा को तीसरी भाषा के रूप में चुना जा सकता है। उन्होंने पूरे विवाद को



अनावश्यक बताया। मंगलवार को जारी संशोधित सरकारी आदेश (जीआर) में कहा गया है कि हिंदी अनिवार्य होने के बजाय ''सामान्य रूप से'' तीसरी भाषा होगी, लेकिन इसमें यह विकल्प भी दिया गया है कि यदि किसी स्कूल में प्रति कक्षा 20 विद्यार्थी हिंदी के अलावा कोई अन्य भारतीय भाषा पढ़ने की इच्छा व्यक्त करते हैं तो वे इसे छोड़ सकते हैं। कुछ मराठी भाषा समर्थकों ने जहां सरकार पर शुरू में पीछे हटने के बाद ''अनिवार्य'' हिंदी नीति को ''पिछले दरवाजे'' से पुनः लागू करने का आरोप लगाया, वहीं कांग्रेस ने फडणवीस पर मराठी लोगों की छाती में ''छुरा घोंपने'' का आरोप लगाया। स्कूल शिक्षा विभाग ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप 'स्कूल शिक्षा के लिए राज्य पाठ्यचर्या रूपरेखा 2024' के कार्यान्वयन के हिस्से के रूप में जीआर जारी किया। जीआर के अनुसार, मराठी और अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों में कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों के लिए हिंदी ''सामान्य'' रूप से तीसरी भाषा होगी।

**सभी विद्यालयों में मराठी अनिवार्य भाषा :** आदेश में कहा गया, ''जो लोग हिंदी के विकल्प के रूप में कोई अन्य भाषा सीखना चाहते हैं, उन्हें स्कूल में प्रत्येक कक्षा से 20 छात्रों की अपेक्षा को पूरा करना होगा। ऐसी स्थिति में, उस विशेष भाषा के लिए एक शिक्षक उपलब्ध कराया जाएगा या भाषा को ऑनलाइन पढ़ाया जाएगा।'' सरकारी आदेश में कहा गया कि सभी विद्यालयों में मराठी अनिवार्य भाषा होगी। फडणवीस ने पुणे में पत्रकारों से बातचीत में कहा, ''हमने पहले हिंदी को अनिवार्य कर दिया था, लेकिन कल जारी किए गए सरकारी आदेश में उस अनिवार्यता को हटा दिया गया है। नए सरकारी आदेश के अनुसार, छात्र तीसरी भाषा के रूप में किसी भी भारतीय भाषा का विकल्प चुन सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि एनईपी में त्रिभाषा फार्मूला प्रस्तावित किया गया है और नीति के अनुसार मातृभाषा अनिवार्य है तथा इसके अलावा छात्र दो अन्य भाषाएं सीखेंगे, जिनमें से एक भारतीय भाषा होनी चाहिए।

**भारतीय भाषाएं अंग्रेजी से बेहतर हैं- फडणवीस :** फडणवीस ने कहा, ''स्वाभाविक रूप से, कई लोग तीन भाषाओं में से एक के रूप में अंग्रेजी को चुनते हैं।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''भारतीय भाषाएं अंग्रेजी से बेहतर हैं। मैं समझता हूं कि अंग्रेजी संचार की भाषा है, लेकिन एनईपी की वजह से मराठी ज्ञान की भाषा बन गई है। हमने मराठी में इंजीनियरिंग पढ़ाना शुरू किया है, जो पहले नहीं किया जाता था।'' उन्होंने कहा, ''हमारे डॉक्टर अब मराठी में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। एमबीए (पाठ्यक्रम) भी मराठी में पढ़ाया जा रहा है। एनईपी के कारण मराठी एक वैश्विक भाषा, ज्ञान और अर्थशास्त्र की भाषा बन रही है तथा महाराष्ट्र सरकार ने यह कदम उठाया है। मेरा मानना ??है कि भाषाओं को लेकर इस तरह के विवाद अनावश्यक हैं।'' महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने कहा कि छात्रों पर हिंदी ''थोपने'' की क्या जरूरत है? उन्होंने राज्य के विद्यालयों से अपील की कि वे सरकार के ''जानबूझकर भाषायी विभाजन पैदा करने के गोपनीय एजेंडे'' को विफल करें। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यदि सरकार विद्यालयों पर दबाव बनाती है तो मनसे उनके साथ ''चट्टान'' की तरह खड़ी रहेगी।

## गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे आज से चालू, पूर्वांचल से लखनऊ-दिल्ली का सफर होगा आसान

**गोरखपुर, एजेंसी।** पूर्वांचल को रफ्तार की सौगात मिलने जा रही है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे खुलने को तैयार है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल 20 जून को गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद चालू हो जाएगा। प्रवेश नियंत्रित मार्ग होने के कारण गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे की कुल 91.35 किमी की दूरी एक घंटे से भी कम समय में पूरी की जा सकती है। यही नहीं, इस लिंक एक्सप्रेसवे से होकर, आजमगढ़ में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे होते हुए लोगों को गोरखपुर से लखनऊ पहुंचने में महज साढ़े तीन घंटे का समय लगेगा। इसके साथ लखनऊ के बाद भी आगरा, यमुना एक्सप्रेसवे के जरिए पूर्वांचल से दिल्ली तक सफर आसान होगा। इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू होने के साथ ही रफ्तारपूर्ण यातायात सुगमता, उद्योग और इसके जरिये रोजगार को लेकर सरकार ने जो पूर्वानुमान लगाए थे, वे साकार भी होने लगे हैं। लिंक एक्सप्रेसवे की बेहतरीन कनेक्टिविटी से पूर्वी उत्तर प्रदेश के विकास का नक्शा और सुनहरा होना तय माना जा रहा है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के अनुसार, गोरखपुर, संतकबीरनगर, अंबेडकरनगर और आजमगढ़ जिले में पड़ने वाले एक्सप्रेसवे के निर्माण पर 7283 करोड़ 28 लाख रुपये की लागत आई है। इसमें भूमि अधिग्रहण की लागत भी शामिल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता वाली परियोजनाओं में से एक गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे गोरखपुर बाईपास एनएच- 27 ग्राम जैतपुर के पास से प्रारंभ होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर आजमगढ़ के सालारपुर में समाप्त हो रहा है। इस एक्सप्रेसवे से गोरखपुर क्षेत्र, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के माध्यम से लखनऊ, आगरा एवं दिल्ली तक त्वरित एवं सुगम यातायात कॉरिडोर से जुड़ रहा है। राज्य सरकार का रोड इंफ्रास्ट्रक्चर सुदृढ़ करने पर सतत जोर है। गोरखपुर पूर्वी उत्तर प्रदेश का प्रमुख केंद्र है और चारों तरफ फोरलेन सड़कों की कनेक्टिविटी से यह विकास के नए मॉडल के रूप में विकसित हो रहा है। विकास की इस प्रक्रिया में नवनिर्मित गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे और भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। 91 किमी से अधिक लंबाई वाला यह एक्सप्रेसवे आजमगढ़ में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जुड़कर राजधानी लखनऊ और फिर वहां से अन्य प्रमुख महानगरों की राह सुगम करेगा।

## देश की राजधानी और राष्ट्रपति तक नहीं पता;ष्टरूसुक्खू के सामने छात्रों ने करा ली किरकिरी

**कुल्लू, एजेंसी।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के कुल्लू दौरे के दौरान बुधवार सुबह का एक औचक निरीक्षण सूबे की गुणात्मक शिक्षा व्यवस्था पर गहरे सवाल छोड़ गया। आनी विधानसभा क्षेत्र के निरमण्ड उपमंडल के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बागा सराहन में पहुंचे मुख्यमंत्री ने छात्रों से सामान्य ज्ञान के कुछ बुनियादी सवाल किए लेकिन 10वीं कक्षा के छात्रों के जवाब सुनकर वे हैरान रह गए। जब मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति और देश की राजधानी के नाम पूछे तो कई विद्यार्थी इसका उत्तर नहीं दे सके। एक छात्र ने राष्ट्रपति के नाम के स्थान पर नरेंद्र मोदी का नाम लिया जबकि एक अन्य ने देश की राजधानी शिमला बताई।

इसके उलट प्राइमरी विंग के छात्रों ने इन सवालों के सही उत्तर दिए जिससे मुख्यमंत्री प्रभावित हुए। उन्होंने छोटे बच्चों की सराहना करते हुए उन्हें गले लगाया और शिक्षकों की प्रशंसा की। वहीं 10वीं के बच्चों की जानकारी पर नाराजगी जताते हुए मुख्यमंत्री ने स्कूल के प्रधानाचार्य और शिक्षकों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने सवाल किया कि क्या यही क्वालिटी एजुकेशन है? साथ ही निर्देश दिए कि अब स्कूल में रोजाना आधे घंटे का सामान्य ज्ञान पीरियड अनिवार्य रूप से लगाया जाए।

# कर्नाटक में फिर गरमाया नंदिनी-अमूल डेयरी का विवाद

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में एक बार फिर नंदिनी बनाम अमूल डेयरी का विवाद राजनीतिक लड़ाई बनती जा रही है। दरअसल, कर्नाटक सरकार ने गुजरात स्थित डेयरी ब्रांड अमूल को बेंगलुरु के 10 मेट्रो स्टेशनों पर कियोस्क खोलने की अनुमति दी है। अब विपक्षी दल भाजपा और जेडीएस कांग्रेस की सिद्धरमैया सरकार के इस कदम की आलोचना कर रहे हैं और आरोप लगा रहे हैं कि राज्य सरकार राज्य द्वारा संचालित ब्रांड नंदिनी को बढ़ावा देने में विफल रही है। बेंगलुरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने कियोस्क स्थापित करने के लिए टेंडर जारी किया था। यह टेंडर अमूल डेयरी को मिला है। विपक्ष के नेताओं का कहना है कि राज्य सरकार को चाहिए था कि सभी 10 कियोस्क के संचालन का जिम्मा कर्नाटक मिल्क फेडरेशन द्वारा संचालित नंदिनी ब्रांड को दे देना चाहिए था।

**कमीशन के लिए अपना आत्मसम्मान बेच दिया :** जेडीएस कांग्रेस के पूर्व सहयोगी जनता दल (सेक्युलर) ने कन्नड़ में नंदिनी बचाओ हैशटैग के साथ एक लंबे एक्स पोस्ट में सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार पर निशाना साधा है।जेडीएस ने सोशल मीडिया पर डीके शिवकुमार पर कमीशन के लिए अपना आत्मसम्मान बेचने का आरोप लगाया है और कहा है कि 2023 के विधानसभा चुनाव में वोट जीतने के लिए कांग्रेस ने नंदिनी ब्रांड का इस्तेमाल किया था। 2023 में भी गहराई थी




नंदिनी बनाम अमूल डेयरी की लड़ाई बता दें कि 2023 के चुनाव के समय भी नंदिनी बनाम अमूल डेयरी की लड़ाई गहराई थी, तब कांग्रेस ने नंदिनी ब्रांड का साथ दिया था । इसकी वजह से पार्टी ने भाजपा पर आश्चर्यजनक रूप से बड़ी जीत हासिल की थी। जेडीएस ने एक्स पर लिखा है, चुनावों से पहले डीके दावा करते थे कि कन्नड़ लोगों का आत्मसम्मान बिकाऊ नहीं है... आज उन्होंने कमीशन के लिए दूसरे राज्यों के लोगों के लिए दूध उत्पादों पर रोक लगा दी है। एक्स पर आगे लिखा गया है, बेंगलुरु के 10 से अधिक मेट्रो स्टेशनों को राज्य के बाहर के दूध उत्पादों को बेचने की अनुमति दी गई है। कांग्रेस ने अपने प्रचार के लिए नंदिनी ब्रांड, हमारे किसानों और सभी कन्नड़ लोगों के गौरव का इस्तेमाल किया, (और) इसे (चुनाव के बाद) भूल गई। भाजपा के पीसी मोहन ने भी निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने चुनाव से पहले भाजपा पर बाहरी लोगों का पक्ष लेने का झूठा आरोप लगाया था, लेकिन अब उन्हीं बाहरी लोगों को टेंडर दिया जा रहा है।

# सरकारी कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर, यूपीएस में मिलेगी ओल्ड पेंशन स्कीम जैसी सुविधा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस ) के तहत आने वाले कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है। अब इन्हें भी रिटायरमेंट और डेथ ग्रैच्युटी का लाभ उसी तरह मिलेगा जैसा कि पुराने पेंशन सिस्टम (ओ पी एस) के अंतर्गत मिलता है। यह जानकारी केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने बुधवार को दी। कर्मचारियों के द्वारा लंबे समय से इसकी मांग की जा रही थी। सरकार के फैसले से लाखों कर्मचारियों को राहत मिलेगी और पेंशन संबंधी असमानता दूर होगी। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने इस संदर्भ में कहा कि नया प्रावधान कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करता है और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत सभी श्रेणियों के कर्मचारियों के लिए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कहा कि यूपीएस के तहत यह लाभ केंद्रीय



सिविल सेवा (एनपीएस के तहत ग्रैच्युटी का भुगतान) नियम, 2021 के प्रावधानों के अनुरूप दिया जाएगा। बुधवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया। वित्त मंत्रालय ने 24 जनवरी को जारी अधिसूचना में कहा था कि एक अप्रैल, 2025 से केंद्र की सिविल सेवा में भर्ती होने वाले कर्मचारियों के लिए एनपीएस के तहत एक विकल्प के रूप में यूपीएस की शुरुआत होगी। कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के अधीन पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यूपीएस के तहत आने वाले कर्मचारियों को केंद्रीय सिविल सेवा नियम, 2021 के अंतर्गत रिटायरमेंट और मृत्यु ग्रैच्युटी का लाभ मिलेगा। यह बदलाव उन कर्मचारियों को भी प्रोत्साहित करेगा जो अभी नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) के अंतर्गत हैं और यूपीएस का विकल्प चुनना चाहते हैं। यूपीएस योजना में यह प्रावधान है कि जिन कर्मचारियों ने कम से कम 25 वर्ष की सेवा पूरी कर ली है, उन्हें उनकी रिटायरमें से पूर्व 12 महीनों के औसत मूल वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा, जिन कर्मचारियों ने न्यूनतम 10 वर्षों की सेवा की है उन्हें रिटारमेंट के बाद कम-से-कम 10,000 मासिक पेंशन का प्रावधान मिलेगा। यदि किसी पेंशनधारी की मृत्यु होती है तो उसके परिवार को अंतिम पेंशन का 60प्रतिशत पारिवारिक पेंशन के रूप में दिया जाएगा।

## यह बात ट्रंप कहें तभी यकीन होगा, पीएम मोदी पर कौन भरोसा करेगा? मध्यस्थता वाली बात पर संजय राउत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की फोन पर लंबी बात हुई है। पीएमओ सूत्रों के अनुसार इस बातचीत में पीएम मोदी ने कहा कि पाकिस्तान के अनुरोध पर ऑपरेशन सिंदूर रोका गया था। इस दौरान उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर को अमेरिका की मध्यस्थता या फिर ट्रेड डील के चलते नहीं रोका गया था। हालांकि इस पर उद्धव ठाकरे की शिवसेना के नेता संजय राउत ने सवाल उठाए हैं। संजय राउत ने कहा कि यदि ये बातें खुद डोनाल्ड ट्रंप कहें तो यकीन किया जा सकता है। पीएम नरेंद्र मोदी के दावे पर तो भरोसा नहीं किया जा सकता।

कनाडा में हुई जी-7 समिट से इतर पीएम नरेंद्र मोदी और डोनाल्ड ट्रंप की मीटिंग होने वाली थी। लेकिन इजरायल और ईरान में छिड़ी जंग के चलते ट्रंप पहले ही निकल गए। ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से यह भी कहा कि क्या कनाडा से भारत लौटते वक्त वह अमेरिका होकर जा सकते हैं। इस पर पीएम नरेंद्र मोदी ने इनकार कर दिया। हालांकि फोन पर बातचीत को लेकर जो कहा जा रहा है, उस पर संजय राउत ने सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा, मोदी के लोग ऐसा कह रहे हैं। लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप को इस पर ट्वीट करना चाहिए और अपने शब्द वापस लेने चाहिए। क्या था



डोनाल्ड ट्रंप का बयान, जिस पर मचा था घमासान दरअसल डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर को लेकर एक ट्वीट किया था और कहा था कि अमेरिका की मध्यस्थता के चलते जंग रुक रही है। हालांकि भारत ने अमेरिका के दावे को पहले दिन से खारिज किया था। भारत सरकार का कहना है कि पाकिस्तान के डीजीएमओ ने जंग रोकने की मांग करते हुए भारत के सैन्य अधिकारी को फोन किया था। इसके बाद ही दोनों तरफ से सीजफायर पर सहमति बनी थी। इसमें अमेरिका का कोई रोल नहीं था। बता दें कि विपक्ष लगातार यह आरोप लगाता रहा है कि मोदी सरकार ने ट्रंप के दबाव में आकर जंग रोक दी। संजय राउत ने कहा कि यदि डोनाल्ड ट्रंप कह दें कि जंग को उनकी तरफ से नहीं रुकवाया गया था।

# राजस्थान कांग्रेस चीफ डोटासरा ने 17 नेताओं को थमाया नोटिस

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान कांग्रेस में एक बार फिर अंदरूनी सर्जरी की शुरुआत हो गई है। प्रदेश नेतृत्व ने अब उन चेहरों की पहचान शुरू कर दी है जो संगठन के कामकाज में रुचि नहीं ले रहे। इसी कड़ी में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए राज्य के 17 ब्लॉक अध्यक्षों को कारण बताओ नोटिस थमाया है। यह संकेत है कि कांग्रेस अब संगठन में निष्क्रियता बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है।

**समन्वयकों की रिपोर्ट पर हुई कार्रवाई :** मामले की पुष्टि करते हुए कांग्रेस महासचिव व मीडिया प्रभारी स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि संगठनात्मक सुस्ती और विधानसभा समन्वयकों को सहयोग न देने के कारण यह नोटिस जारी किए गए हैं। बताया जा रहा है कि पार्टी ने हाल ही में विधानसभा स्तर पर बैठकें कर समन्वयकों से फीडबैक मंगवाया था। जिन नेताओं का कामकाज सवालों के घेरे में आया, उन पर अब एक्शन की शुरुआत हो चुकी है। सूत्रों का कहना है कि ये सिर्फ एक शुरुआत है – जल्द ही और नाम सामने आ सकते हैं। संगठन के अंदर निष्क्रियता पर अब जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है।

**डोटासरा ने की थी वन-टू-वन बैठक :** इससे पहले 17 जून को डोटासरा ने जयपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस वॉर रूम में भरतपुर, अजमेर, जोधपुर



और बीकानेर संभागों के विधानसभा समन्वयकों के साथ मैराथन बैठक की थी। इस दौरान उन्होंने वन-टू-वन संवाद कर हर समन्वयक से उनके क्षेत्र की जमीनी हकीकत जानी। खासकर संगठन सृजन अभियान के तहत चल रहे कामों की समीक्षा की गई और यह परखा गया कि कौन सा ब्लॉक अध्यक्ष कितना एक्टिव है और कौन सिर्फ नाम मात्र का पदाधिकारी है। 7 दिन में देनी होगी सफाई नोटिस जारी करते हुए डोटासरा ने इन 17 ब्लॉक अध्यक्षों से 7 दिन के भीतर जवाब मांगा है। यदि तय समय पर संतोषजनक जवाब नहीं आया तो इन पदाधिकारियों की संगठन से छुट्टी भी हो सकती है। पार्टी सूत्रों की मानें तो नोटिस मिलने के बाद कई जिलों में हलचल तेज हो गई है और कुछ जगहों पर डैमेज कंट्रोल की कवायद भी शुरू हो चुकी है। डिजिटल डाटा बना हथियार कांग्रेस हाईकमान द्वारा गुजरात में हुए अधिवेशन के बाद संगठनात्मक सशक्तिकरण को लेकर राज्यों को निर्देश दिए गए थे। राजस्थान में इस दिशा में सबसे तेजी से काम हुआ। डोटासरा के नेतृत्व में पार्टी ने 58 हजार से अधिक पदाधिकारियों का डिजिटल डाटा तैयार करवाया है, जिसमें हर नेता की सक्रियता, बैठकों में उपस्थिति, कार्यक्रमों में भागीदारी, और ग्रासरूट नेटवर्क का पूरा लेखा-जोखा शामिल है। इसी डाटा के आधार पर अब कार्रवाई हो रही है। निष्क्रियता पर चलेगा 'क्लीनिंग ऑपरेशन' पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक, यह सिर्फ ट्रेलर है। अब पार्टी संगठन को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए 'क्लीनिंग ऑपरेशन' चला रही है। आने वाले समय में जिला और मंडल स्तर पर भी निष्क्रिय नेताओं की सूची तैयार की जा रही है। फीडबैक रिपोर्ट और डाटा एनालिसिस के जरिए उन चेहरों की पहचान की जा रही है जो पार्टी के लिए अब 'बोझ' बन चुके हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस ने अब संगठन पर पूरा फोकस किया है। ऐसे में यह कार्रवाई न सिर्फ सख्ती का संकेत है, बल्कि पार्टी के भीतर कार्यकर्ताओं को एक सख्त संदेश भी – या तो एक्टिव बनो, या बाहर हो जाओ! सवाल ये है कि क्या यह 'ऑपरेशन क्लीन' पार्टी की नींव को फिर से मज़बूत कर पाएगा।



# क्या चोटिल हैं टीम इंडिया के टी20 कप्तान? इलाज के लिए लंदन पहुंचे SKY

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव इन दिनों स्पोर्ट्स हर्निया की समस्या से परेशान हैं और अब इस समस्या का इलाज करवाने के लिए इंग्लैंड रवाना हो गए हैं। वहां वे इस बीमारी के विशेषज्ञ डॉक्टर से सलाह लेंगे और यदि जरूरत पड़ी, तो सर्जरी का फैसला भी लिया जा सकता है। सूर्यकुमार यादव ने हाल ही में समाप्त हुए आईपीएल 2025 में बेहतरीन फॉर्म दिखाई थी और 700 से ज्यादा रन बनाकर टूर्नामेंट में चमके थे। आईपीएल के बाद भी उन्होंने मुंबई टी20 लीग में हिस्सा लिया, जबकि वह पहले से ही इस चोट से जूझ रहे थे।

### तीन महीने से बढ़ रही थी परेशानी

सूर्यकुमार यादव पिछले तीन महीने से स्पोर्ट्स हर्निया की समस्या से जूझ रहे थे, जिसमें आईपीएल में लगातार यात्रा के चलते उनका दर्द काफी ज्यादा बढ़ गया था। सूर्या के एक करीबी ने दिए अपने बयान में बताया कि सूर्यकुमार यादव पेट के निचले हिस्से में दाहिनी तरफ स्पोर्ट्स हर्निया से पीड़ित हैं। वह सलाह लेने के लिए इंग्लैंड गए हैं। यदि आवश्यक हुआ तो वह सर्जरी करवाएंगे। वहीं सूर्या की इस इंजरी को लेकर बीसीसीआई के सूत्र ने दिए अपने बयान में कहा कि टीम इंडिया को अभी अगले 2 महीने कोई टी20 मैच या सीरीज नहीं खेलनी है। ऐसे में सूर्यकुमार यादव के पास ये अच्छा समय है जब वह अपनी चोट का इलाज करा सकते हैं और उन्हें बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में इससे उबरकर पूरी तरह से फिट होने के लिए पर्याप्त समय भी मिल जाएगा।

### अगस्त में खेलना है भारत को अगला टी20 मुकाबला

टीम इंडिया फिलहाल शुभमन गिल की कप्तानी में इंग्लैंड दौरे पर 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है, जो 4 अगस्त को खत्म होगी।

# कोहली के रिटायरमेंट के बाद नंबर-4 पर बैटिंग करेंगे गिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टेस्ट टीम के उप कप्तान ऋषभ पंत ने कहा कि शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में नंबर-4 पर बल्लेबाजी करेंगे। जबकि वे खुद नंबर-5 पर खेलेंगे। 27 साल के पंत ने बुधवार को हेंडिग्ले टेस्ट से पहले कहा- मुझे लगता है कि अब भी इस बात पर चर्चा चल रही है कि नंबर-3 पर कौन खेलेगा, लेकिन चौथे और पांचवें नंबर पर फैसला हो चुका है। मुझे लगता है कि शुभमन चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे और मैं 5वें नंबर पर ही खेलूंगा और बाकी हम इस पर चर्चा करते रहेंगे। 12 मई को विराट कोहली के रिटायरमेंट के बाद भारतीय टीम में नंबर-4 की बैटिंग पोजिशन खाली थी। इस पर कई दावेदार सामने आ रहे थे। बता दें कि टेस्ट क्रिकेट में नंबर-4 की पोजिशन सबसे अहम है।

पहला टेस्ट 20 जून से खेला जाएगा। गिल के साथ मेरे संबंध बहुत अच्छे पंत ने गिल के साथ अपने संबंध के सवाल पर कहा- मैदान के बाहर मेरा और शुभमन का रिश्ता बहुत अच्छा है। अगर आप मैदान के बाहर अच्छे दोस्त हैं तो यह रिश्ता आखिरकार मैदान पर भी कायम रहता है। इस बात पर मेरा हमेशा विश्वास रहा है। शुभमन गिल को भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि पंत उप कप्तान बने हैं।



# आईपीएल की कोच्चि फ्रेंचाइजी मामले में बीसीसीआई को 538 करोड़ रुपए चुकाने का आदेश

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को झटका देते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट ने बंद हो चुकी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी कोच्चि टस्कर्स केरला को 538 करोड़ रुपए का भुगतान करने के मध्यस्थता आदेश को बरकरार रखा है। न्यायालय ने एक दशक से अधिक समय से चल रहे आईपीएल फ्रेंचाइजी विवाद में मध्यस्थता के फैसले को चुनौती देने वाले बीसीसीआई के मुकदमे को



खारिज कर दिया है। कई प्रयासों के बावजूद, बीसीसीआई के अधिकारी इस मामले पर टिप्पणी करने के लिए उपलब्ध नहीं रहे। बीसीसीआई ने 2011 में एक सत्र के बाद कोच्चि फ्रेंचाइजी को समाप्त कर दिया था, जिसमें टीम पर समय पर बैंक गारंटी जमा करने में विफल रहने के बाद अनुबंध का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया था, जो समझौते के तहत आवश्यक था। मालिकों के बीच मतभेद के कारण फ्रेंचाइजी बीसीसीआई को अपना भुगतान करने में असमर्थ थी। मामला मध्यस्थता के लिए गया और 2015 में मध्यस्थता अदालत ने बीसीसीआई को 538 करोड़ रुपए का भुगतान करने का आदेश दिया - केसीपीएल को 384 करोड़ रुपए और रेंडेजवस स्पोर्ट (कोच्चि फ्रेंचाइजी के मालिक) को 153 करोड़ रुपए। बीसीसीआई मध्यस्थता अदालत के आदेश से नाखुश था और उसने हाई कोर्ट में न्यायाधिकरण के फैसले को चुनौती देने का फैसला किया। बुधवार को न्यायालय ने मध्यस्थ के निर्णय को बरकरार रखा। बॉम्बे उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा, मध्यस्थता अधिनियम की धारा 34 के तहत इस न्यायालय का अधिकार क्षेत्र बहुत सीमित है। विवाद के गुण-दोषों की जांच करने का बीसीसीआई का प्रयास अधिनियम की धारा 34 में निहित आधारों के दायरे के विपरीत है। साक्ष्य और/या गुण-दोषों के संबंध में दिए गए निष्कर्षों के बारे में बीसीसीआई का असंतोष फैसले को चुनौती देने का आधार नहीं हो सकता।

# एशियन पैरा कैनो चैंपियनशिप में मनीष यादव ने सिल्वर जीतकर बढ़ाया देश का मान

**भोपाल, एजेंसी।** एशियन पैरा कैनो चैंपियनशिप में देश के लिए रजत पदक जीतकर मनीष यादव ने भारत का मान बढ़ाया है। मनीष यादव ने थाईलैंड के पटाया में आयोजित प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। खुशी जाहिर करते हुए मनीष ने




बताया कि वह बीते दो वर्षों से भोपाल में लगातार अभ्यास कर रहे थे। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने अपने परिवार और कोच को धन्यवाद दिया। मनीष ने कहा कि उनके कोच ने हमेशा उनका मनोबल बढ़ाया और भरोसा दिलाया कि वह यह खिताब जीत सकते हैं। मनीष ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर से अंतरराष्ट्रीय स्तर तक का सफर आसान नहीं था। इस दौरान कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन हार नहीं मानी। पटाया में जब उन्होंने सिल्वर मेडल जीता, तो उस क्षण की खुशी शब्दों में बयां नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि इस मुकाम तक पहुंचाने में सहयोग देने वाले हर व्यक्ति के प्रति वह आभार व्यक्त करते हैं। मनीष यादव ने घर लौटने पर जोरदार स्वागत के लिए भी सभी का धन्यवाद दिया। उन्होंने देश के युवाओं को संदेश दिया कि कभी भी हिम्मत न हारें और अपने लक्ष्य पर पूरा ध्यान दें, सफलता एक न एक दिन जरूर मिलती है।



# लीड्स टेस्ट से कट सकता है कुलदीप यादव का पत्ता

**इंडिया-इंग्लैंड पहला टेस्ट आज से**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हेडिंग्ले में होने वाले टेस्ट मैच के लिए इंग्लैंड ने अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान पहले ही कर दिया है. ऐसे में सारी निगाहें अब टीम इंडिया पर जम गई है. ऐसा माना जा रहा है कि टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में रवींद्र जडेजा इकलौते स्पिनर हो सकते हैं.

ये कयास टीम इंडिया के उस प्रैक्टिस सेशन को देखकर लगाए जा रहे हैं, जिससे लगने लगा है कि कुलदीप को अपनी बारी के लिए अभी इंतजार करना पड़ सकता है. मतलब उनका नाम शुरू होने से पहले ही लीड्स टेस्ट की प्लेइंग इलेवन से कटा दिख रहा है. भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच 20 जून से शुरू हो रहा है.

### क्या कुलदीप यादव होंगे प्लेइंग से बाहर?

रिपोर्ट्स के मुताबिक भारतीय टीम की प्लेइंग इलेवन में 2 स्थानों को लेकर चर्चा ज्यादा है. एक जिसका जिक्र टीम के उप-कप्तान ऋषभ पंत ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी किया था- नंबर 3 की पोजिशन और दूसरी की क्या भारत को कुलदीप यादव को खिलाना चाहिए? वहीं कुलदीप को अपनी बारी के लिए एजबेस्टन या ओवल का इंतजार करना पड़ सकता है.

### प्रैक्टिस सेशन में रहा पेसर्स पर जोर

हेडिंग्ले के पहले प्रैक्टिस सेशन में टीम इंडिया का सारा फोकस उसके अपने तेज गेंदबाजों पर रहा. बुमराह, सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा नेट्स पर लगातार बॉलिंग करते दिखे. इन सभी ने टीम के गेंदबाजी कोच मॉर्ने मॉर्केल की निगरानी में अपनी गेंदबाजी पर काम किया. रिपोर्ट में ये भी कहा गया भारतीय टीम मैनेजमेंट शार्दुल और नीतीश दोनों को चुनने का दिलचस्प फैसला कर सकती है.

### कुलदीप का टेस्ट रिकॉर्ड

अश्विन के रिटायरमेंट के बाद कुलदीप टीम इंडिया में जगह पक्की करने में लगे हैं. उन्होंने अभी तक 13 टेस्ट में 56 विकेट चटकाए हैं. इंग्लैंड की जमीन पर कुलदीप ने एकमात्र टेस्ट साल 2018 में खेला था. लॉर्ड्स में खेले उस मुकाबले में वो विकेटलेस रहे थे. इंग्लैंड के खिलाफ उनके रिकॉर्ड की बात करें तो वो कमाल का रहा है. उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 6 टे,ट में 22.28 की औसत से 21 विकेट झटके हैं.

### लीड्स में 2 स्पिनर के साथ जीता था आखिरी बार टेस्ट

ऐसा नहीं है कि भारत लीड्स में पहले 2 स्पिनर के साथ नहीं उतरा. 2002 में जब उसने यहां जीत दर्ज की थी, तो उस मैच में तत्कालीन कप्तान गांगुली ने कुंबले और हरभजन दोनों को खिलाया था.

उन दोनों स्पिनर ने मिलकर उस मैच में 11 विकेट भी लिए थे. ऐसे में अब देखना ये होगा कि नए कप्तान शुभमन गिल और हेड कोच गंभीर क्या फैसला करते हैं- कुलदीप के साथ जाने का या उन्हें प्लेइंग इलेवन से बाहर रखने का.

# 325 रन ठोके, 20 विकेट झटके... भारत को हराने के लिए इंग्लैंड की टीम में लौटा ये बड़ा खिलाड़ी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड की टीम ने लीड्स टेस्ट में टीम इंडिया को हराने के लिए बड़ा दांव चल दिया है. अंग्रेजों की टीम में एक ऐसे खिलाड़ी की वापसी हुई है जिसने गेंद और बल्ले से हमेशा टीम इंडिया को चोट पहुंचाई है. बात हो रही है ऑलराउंडर क्रिस वोक्स की जो इंग्लैंड की टीम में वापस लौटे हैं. इस ऑलराउंडर का भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में अच्छा रिकॉर्ड है. खासतौर पर अपने घर पर तो वोक्स ने टीम इंडिया को हमेशा चुनौती दी है. वोक्स का भारत के खिलाफ कैसा रिकॉर्ड है, ये आप आगे जानिए. क्रिस वोक्स ने टीम इंडिया के खिलाफ 9 टेस्ट मैच खेले हैं जिसमें वो 40 से ज्यादा की औस तसे 325 रन बना चुके हैं. यही नहीं उन्होंने साल 2018 में लॉर्ड्स टेस्ट में भारत के खिलाफ शतक भी लगाया था. इस मुकाबले में उन्होंने नाबाद 137 रनों की पारी खेली थी. बड़ी बात ये है कि वोक्स ने भारत के खिलाफ ये पारी नंबर 7 पर उतरकर खेली थी.

इस पारी के साथ ही उन्होंने उन्होंने 1962 में गॉडफ्रे इवांस का रिकॉर्ड तोड़ा था. इस पारी ने इंग्लैंड को दूसरा टेस्ट जीतने में मदद की, और वोक्स को लॉर्ड्स के ऑनर्स बोर्ड पर बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों के लिए जगह मिली. अपनी सरजमीं पर तो वोक्स और ज्यादा खतरनाक हैं.भारत के खिलाफ घरेलू टेस्ट में वो 6 टेस्ट में 58 की औसत से 232 रन बना चुके हैं. उन्होंने इसके अलावा 17 विकेट भी चटकाए हैं.

### वोक्स को कौन सी ताकत बनाती है खतरनाक

वोक्स का इंग्लैंड में अच्छा रिकॉर्ड इस बात को साबित करता है कि वो वहां की पिच को अच्छे से समझते हैं. वोक्स के पास गेंद को दोनों ओर स्विंग कराने का दम है. वो बादल छाते ही बल्लेबाजों पर कहर बरपा देते हैं. भारत की अनुभवहीन बल्लेबाजी जिसमें शुभमन गिल, साई सुदर्शन, यशस्वी जायसवाल, करुण नायर जैसे बल्लेबाज शामिल हैं, उनके लिए वोक्स बड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं. साफ है अगर टीम इंडिया को इंग्लैंड में विजयी पताका लहरानी है तो उसके लिए वोक्स पर काबू पाना ही होगा.

**गंभीर पर निकाली भड़ास? टेस्ट टीम से बाहर हुए खिलाड़ी के पोस्ट से मचा बवाल**

# कर्म बदला लेते हैं...



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैंचो की टेस्ट सीरीज 20 जून से लीड्स में शुरू हो रही है, लेकिन उससे पहले ही भारतीय टीम के खिलाड़ी के एक इंस्टाग्राम पोस्ट ने हलचल मचा दी है. इस पोस्ट में कर्मो के फल की बात कही गई है. फैंस और क्रिकेट एक्सपर्ट्स के बीच अब उनके इस पोस्ट को लेकर चर्चा गर्म है कि क्या यह खिलाड़ी टीम चयन से नाराज हैं और क्या उनका इशारा टीम मैनेजमेंट या कोच गौतम गंभीर की तरफ है? हम बात कर रहे हैं तेज गेंदबाज मुकेश कुमार, जो अभी इंग्लैंड से भारत लौटे हैं. इंग्लैंड दौरे पर भारत ए और इंग्लैंड लायंस के बीच दो अनौपचारिक टेस्ट मुकाबले खेले गए थे. इस सीरीज के लिए चुनी गई टीम में मुकेश कुमार को भी शामिल किया गया था. मैच में प्रदर्शन के बाद कुछ खिलाड़ियों को टेस्ट टीम में मौका मिला, लेकिन मुकेश को वापस भारत भेज दिया गया था. मुकेश ने इस दौरे पर खेले गए पहले प्रेक्टिस मैच में 25 ओवर में 3 विकेट चटकाए थे और 92 रन दिए थे.

### मुकेश कुमार ने पोस्ट में क्या लिखा?

भारतीय तेज गेंदबाज मुकेश कुमार इंग्लैंड दौरे पर इंडिया ए टीम का हिस्सा थे, लेकिन उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट टीम में शामिल नहीं किया गया और वह बाकी खिलाड़ियों के साथ भारत लौट आए थे. 18 जून को भारत लौटने के बाद मुकेश ने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी में लिखा, हर कर्म का अपने समय से हिसाब होता है. आपको हमेशा सतर्क रहना चाहिए क्योकि कर्मों की माफ नहीं होती और वो बदला जरूर लेते हैं. हालांकि उन्होंने इस स्टोरी में किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन उनके शब्दों ने सोशल मीडिया पर बहस छेड़ दी. कई फैंस और क्रिकेट जानकारों का मानना है कि यह पोस्ट कहीं न कहीं टेस्ट टीम के चयन से जुड़ी नाराजगी को दर्शाता है.

उसी मुकाबले में हर्षित राणा ने 27 ओवर में 95 रन देकर सिर्फ एक विकेट ही लिया था. इसके बावजूद मुकेश को नजरअंदाज कर हर्षित को टेस्ट टीम में जगह दी गई है. यही बात अब विवाद की वजह बन गई है.

### गंभीर की पसंद हैं हर्षित

क्रिकेट फैंस में चर्चा है कि गौतम गंभीर की नजरों में हर्षित राणा एक खास खिलाड़ी हैं. गंभीर आईपीएल 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स में बतौर मेंटॉर टीम के साथ रहे थे और हर्षित भी उस समय टीम का हिस्सा थे. उनके सामने ही आईपीएल के इस सीजन में ही हर्षित ने दमदार प्रदर्शन किया था. यही नहीं इंडिया के हेड कोच बनते ही हर्षित ने भारतीय टीम के लिए क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में डेब्यू भी कर लिया था.

### मुकेश का अबतक का क्रिकेट का सफर

31 वर्षीय मुकेश कुमार ने पिछले दो सालों में भारत की टेस्ट टीम में जगह बनाने के लिए लगातार मेहनत की है.

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व राष्ट्रपति का शव नहीं लाया गया जाम्बिया

**लुसाका , एजेंसी।** पूर्व राष्ट्रपति एडगर लुंगू का शव अब तक जाम्बिया नहीं लाया गया है, क्योंकि उनके परिवार और मौजूदा राष्ट्रपति हाकेंडे हिचिलेमा के बीच अंतिम संस्कार को लेकर विवाद चल रहा है। लुंगू का 5 जून को दक्षिण अफ्रीका के एक अस्पताल में निधन हो गया था। उनकी उम्र 68 साल थी और वे एक अनजान बीमारी से पीड़ित थे। उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार होना था, जिसमें राष्ट्रपति हिचिलेमा को शामिल होना था। लुंगू परिवार के वकील मकेबी जुलु ने कहा कि लुंगू की इच्छा थी कि जब उन्हें दफनाया जाए तो हिचिलेमा उनके शव के पास कहीं भी न हों। जुलु ने कहा कि हमें उम्मीद है कि किसी दिन उनके अवशेष वापस घर लाए जाएंगे और दफनाए जाएंगे।

### इंडोनेशिया में ज्वालामुखी विस्फोट, 10 हजार मीटर उठी राख

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया के माउंट लेवोटोबी लाकी लाकी से बुधवार को फिर से बड़ी मात्रा में राख और धुएं का गुबार फूटा। इसकी वजह से गांवों को खाली करना पड़ा और बाली के रिसॉर्ट द्वीप से आने-जाने वाली उड़ानें तक रद्द करनी पड़ीं। मंगलवार शाम से बुधवार दोपहर तक हुए कई विस्फोटों की वजह से 10,000 मीटर तक आसमान में राख का गुबार छा गया। हालांकि, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। ज्वालामुखी की राख के विमान के इंजन के खतरे के चलते बाली के आई गुस्ती नगुराह राय अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की वेबसाइट के मुताबिक, बुधवार को बाली को ऑस्ट्रेलिया, मलयेशिया, भारत और चीन से जोड़ने वाली कई उड़ानें रद्द कर दी गई हैं।

### रूसी हमले से कीव में मरने वालों का आंकड़ा 28 हुआ

**कीव, एजेंसी।** बुधवार को रूसी मिसाइल के हमले में यूक्रेन की राजधानी कीव में एक नौ मंजिला इमारत धराशायी हो गई। इस हमले के बाद मलबे से शवों का मिलना जारी है, जिसके बाद मृतकों का आंकड़ा 28 हो गया। यह कीव में इस साल हुआ रूस का सबसे बड़ा हमला है। हमले के चलते आसपास की इमारतों के भी खिड़कियां और कांच टूट गए।

### ट्रंप ने संघीय जज पद पर की चाड मेरेडिथ नामांकित

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संघीय जज के पद पर चाड मेरेडिथ को नामांकित किया है। चाड मेरेडिथ केंटकी राज्य के पूर्व सॉलिसिटर जनरल रहे हैं। गौरतलब है कि पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी चाड मेरेडिथ को संघीय जज बनाने को नामांकित किया था। हालांकि सीनेटर रैंड पॉल ने नामांकन का विरोध किया था। अब एक बार फिर चाड मेरेडिथ को रैंड पॉल के विरोध का सामना करना पड़ सकता है।

### केन्या के धर्म गुरु गिल्बर्ट डेया की कार दुर्घटना में मौत

**नैरोबी, एजेंसी।** केन्या में महिलाओं का बांझपन ठीक करने और चमत्कारी शिशुओं का दावा करने वाले धर्म गुरु गिल्बर्ट डेया की मंगलवार को कार दुर्घटना में मौत हो गई। सियाया काउंटी के गवर्नर जेम्स ओरेंगो ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि गिल्बर्ट डेया की मौत एक भयानक सड़क हादसे में हुई, जिसमें कई गाड़ियां शामिल थीं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, इस दुर्घटना में कई लोग घायल हो गए। सोशल मीडिया पर साझा की गई तस्वीरों में पश्चिमी केन्या की एक सड़क पर बुरी तरह टूटी हुई गाड़ियां दिखाई गई हैं। जानकारी के अनुसार, गिल्बर्ट डेया पहले पत्थर बेचने का काम करते थे, लेकिन बाद में खुद को बिशप कहने लगे। 1990 के दशक में उन्होंने यह दावा कर के प्रसिद्धि पाई कि वे प्रार्थना से उन महिलाओं को बच्चा पैदा करने में मदद कर सकते हैं, जो गर्भवती नहीं हो पा रही थीं।

### मेंढकों के भ्रूण की तस्करी में फंसी हार्वर्ड की शोधकर्ता, दोषी पाए जाने पर हो सकती है 20 साल की जेल

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के हार्वर्ड विश्वविद्यालय की शोधकर्ता पर अमेरिका में मेंढकों के भ्रूण की तस्करी का आरोप लगा है। इस मामले में बुधवार को अदालत में सुनवाई हुई। अगर शोधकर्ता को इस मामले में दोषी पाया जाता है तो उन्हें 20 साल की जेल और ढाई लाख डॉलर का जुर्माना देना पड़ सकता है। आरोपी शोधकर्ता रूसी मूल की केनेनिया पेत्रोवा बुधवार को मैसाच्युसेट्स संघीय अदालत में पेश हुईं, जहां सरकार और बचाव पक्ष के वकीलों में इस बात पर बहस हुई। केसेनिया पेत्रोवा हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में कैंसर पर अनुसंधान करती हैं। फरवरी में जब वे फ्रांस में छुट्टियां मनाकर अमेरिका लौट रहीं थीं, तब बोस्टर लोगान अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उन्हें सीमा शुल्क विभाग द्वारा रोक लिया गया था। आरोप है कि पेत्रोवा मेंढक भ्रूण के अति सूक्ष्म खंडों को जोड़ने में विशेषज्ञता रखने वाली एक प्रयोगशाला में रुकी थीं और उन्होंने रिसर्च के लिए वहां से एक पैकेज प्राप्त किया था। संघीय अधिकारियों ने उन पर देश में बिना जानकारी दिए जैविक पदार्थ लाने का आरोप लगाया। अप्रैल में एक साक्षात्कार में आरोपी शोधकर्ता पेत्रोवा ने बताया था कि उन्हें नहीं पता था कि वस्तुओं को घोषित करने की जरूरत है और वह देश में कुछ भी चोरी-छिपे लाने की कोशिश नहीं कर रहीं थी। पेत्रोवा पर मई में तस्करी का मामला दर्ज किया गया। बुधवार की सुनवाई के बाद, अब दोनों पक्षों को न्यायाधीश के समक्ष अपनी दलीलें पेश करने का अवसर मिलेगा।

# इजराइल का ईरान के एटमी रिएक्टर पर हमला : कुछ घंटे पहले शहर खाली करने की चेतावनी दी थी, अब तक 639 ईरानियों की मौत

**तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी।** इजराइल ने ईरान में अराक हेवी वॉटर रिएक्टर पर हमला कर दिया है। हमले के बाद हुए नुकसान की जानकारी नहीं मिली है। कुछ घंटे पहले ही इजराइली सेना ने अराक और खोंडब शहर के लोगों को इलाका खाली करने की चेतावनी दी थी। अराक में हैवी वाटर रिएक्टर है। यह फैसिलिटी ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम का एक अहम हिस्सा है। इसके साथ ही अराक में बड़े पैमाने पर हथियारों का उत्पादन होता है।

इजराइल ने खोंडब में भी हमले की चेतावनी दे रखी है। खोंडब में भी ढ्ढक्र-40 हैवी वाटर रिएक्टर है, जो ईरान के परमाणु कार्यक्रम का एक और अहम हिस्सा है। यह फैसिलिटी अराक से करीब 40 किलोमीटर दूर है। अराक की तरह इसे भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निगरानी में रखा जाता है। ईरान और इजराइल के बीच जंग सातवें दिन में पहुंच गई है। अब तक इजराइल के 24 लोग मारे गए हैं। वहीं, वॉशिंगटन स्थित एक ह्यूमन राइट्स ग्रुप ने दावा किया है कि ईरान में मौत का आंकड़ा अब 639 हो चुका है और 1329 लोग घायल हुए हैं।

**अस्पताल पर ईरान का हमला युद्ध अपराध, आंतकी घटना :** इस्राइल के स्वास्थ्य मंत्री उरिएल बुसो ने कहा है कि सोरोका अस्पताल पर ईरान का मिसाइल अटैक आतंकी घटना और युद्ध अपराध है। इस्राइल का आरोप है कि ईरान ने जानबूझकर अस्पताल को निशाना बनाया।

**इस्राइली अस्पताल पर मिसाइल हमला :** इस्राइल के बीरशेबा इलाके में सोरोका अस्पताल पर ईरान ने मिसाइल हमला किया है। इस हमले में नुकसान की जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। मध्य और दक्षिण इस्राइल में भी ईरानी मिसाइलों से काफी नुकसान हुआ है।

**तेहरान में इस्राइली वायुसेना के हमले :** इस्राइली सेना ने कहा है कि उनकी वायुसेना ईरान की राजधानी तेहरान में हवाई हमले कर रही है। ईरानी मीडिया ने कहा है कि सेंट्रल तेहरान में एयर डिफेंस सिस्टम को एक्टिविट कर दिया गया है।

**इस्राइल ने ईरानियों को अराक रिएक्टर का इलाका खाली करने को कहा, तेहरान में किए हवाई हमले :** इस्राइली सेना ने ईरान के लोगों को अराक और खोनदाब शहरों को खाली करने का निर्देश दिया है। दरअसल अराक और खोनदाब शहरों में ईरान के हैवी वाटर परमाणु रिएक्टर हैं। ये हैवी वाटर परमाणु रिएक्टर्स को ठंडा करने में मदद करते हैं।

**इस्राइली सेना ने घर को निशाना बनाया, फलस्तीनी बड़ी संख्या में हताहत :** मध्य गाजा में इस्राइल के हमले में 100 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है। अल-अक्सा शहीद अस्पताल और अल-अवदा अस्पताल से मिली जानकारी के मुताबिक 100 से अधिक फलस्तीनी लोग घायल हुए हैं। गाजा शहर के ज़ेइतून इलाके में इस्राइली सेना ने एक घर पर बमबारी की, जिससे बड़ी संख्या में फलस्तीनी हताहत हुए।

**ईरान के साथ गाजा में भी हिंसक संघर्ष का दौर जारी :** पश्चिम एशिया में ईरान के साथ जारी टकराव के साथ-साथ इस्राइल और हमास का हिंसक संघर्ष भी जारी है। फलस्तीनी युवाओं के कुद्स न्यूज नेटवर्क और फलस्तीनी सूचना केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक मध्य गाजा के नुसेरात में गाजा ब्रिज के पास इस्राइली सेना ने हमले किए। इस हमले में 16 फलस्तीनी मारे गए, जबकि दर्जनों घायल हुए हैं।

**ईरान के खिलाफ युद्ध का समर्थन कर रहे 80 प्रतिशत से अधिक यहूदी इस्राइली :** एक रिपोर्ट के मुताबिक लगभग 83 फीसदी यहूदी इस्राइली लोगों ने पश्चिम एशिया के एक अन्य देश ईरान के खिलाफ युद्ध का समर्थन कर रहे हैं। यहां तक कि एविगडोर लीबरमैन जैसे दक्षिणपंथी कट्टरपंथी नेता भी अब कह रहे हैं कि नेतन्याहू सही काम कर रहे हैं। लीबरमैन ने 2018 में सरकार की नीतियों से असंतुष्ट होकर अपना कैबिनेट पद छोड़ दिया था। गाजा में युद्ध के कारण पिछले साल नेतन्याहू के मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने वाले बेनी गैंट्ज ने भी कहा है कि ईरान के मामले में केवल सही या गलत का फैसला होना है, और इस्राइल सही है। बता दें कि पीएम नेतन्याहू ने बीते शुक्रवार यानी 13 जून को इस्राइली सेना को ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले का आदेश दिया।

**तेहरान का आंतरिक सुरक्षा मुख्यालय नष्ट कर दिया गया : इस्राइल का दावा :** इस बीच, इस्राइल के रक्षा मंत्री ने दावा किया है कि ताजा मिसाइल हमलों में तेहरान स्थित ईरान के आंतरिक सुरक्षा मुख्यालय और रेड क्रिसेंट को नष्ट कर दिया गया है। इस्राइल-ईरान तनाव पर भारत और इस्राइल के रक्षा अधिकारियों के बीच बातचीत इस्राइल और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच बुधवार को भारत के रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह को इस्राइली रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक मेजर जनरल (रिटा.) आमिर बारम का फोन आया। इस बातचीत में मौजूदा हालात को लेकर जानकारी साझा की गई। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर बताया कि रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह को आज इस्राइली रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक मेजर जनरल (रि.) आमिर बारम का फोन आया। उन्होंने वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। भारत लौटीं छात्र बोली- मिसाइलें सिर के ऊपर से गुजरती थीं ईरान में बिगड़ते हालात के बीच वहां फंसे 110 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालकर भारत लाया गया। सभी को लेकर एक विशेष फ्लाइट दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरी। इन लोगों में शामिल यासिर गफ्फार नाम के छात्र ने बताया कि हमने रात में मिसाइलों को ऊपर से जाते देखा और ज़ोरदार धमाकों की आवाजें सुनीं। डर का माहौल था, लेकिन अब भारत पहुंचकर राहत मिली है। यासिर ने कहा कि उन्होंने अपने सपनों को अभी नहीं छोड़ा है तनाव के चलते भारत अपने नागरिकों को वहां से सुरक्षित निकालने में जुटा है। परमाणु कार्यक्रम को लेकर इस्राइल और ईरान में बढ़ते तनाव के बीच जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन के विदेश मंत्री शुक्रवार को जिनेवा में ईरान के विदेश मंत्री के साथ अहम परमाणु बातचीत करेंगे। जर्मन राजनयिक सूत्रों की माने तो बैठक से पहले यूरोपीय देशों के मंत्री यूरोपीय संघ की प्रमुख राजनयिक काजा कैलास से जर्मनी के स्थायी मिशन में मुलाकात करेंगे।

## पूर्व राष्ट्रपति क्रिस्टिना फर्नांडिज की नजरबंदी शुरू हुई, हजारों लोग समर्थन में सड़क पर उतरे

**ब्यूनस आर्यस , एजेंसी।** अर्जेंटीना की पूर्व राष्ट्रपति क्रिस्टिना फर्नांडिज की भ्रष्टाचार के आरोप में दोषी पाए जाने के बाद छह साल घर में ही नजरबंद रहने की सजा शुरू हो गई है। साथ ही पूर्व राष्ट्रपति को राजनीति से भी पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। क्रिस्टिना के समर्थन में हजारों लोग सड़कों पर उतरे और पूर्व राष्ट्रपति के समर्थन में रैली निकाली। क्रिस्टिना फर्नांडिज साल 2004-2007 तक अर्जेंटीना की प्रथम महिला के पद पर रहीं। इसके बाद 2007 से 2015 तक दो बार अर्जेंटीना के राष्ट्रपति पद पर रहीं। साल 2019 से 2023 तक क्रिस्टिना अर्जेंटीना की उपराष्ट्रपति रहीं। दो दशकों तक अर्जेंटीना की राजनीति पर रहा क्रिस्टिना का दबदबा इस तरह क्रिस्टिना का करीब दो दशकों तक अर्जेंटीना की राजनीति में दबदबा रहा है। आज भी क्रिस्टिना फर्नांडिज को राष्ट्रपति जेवियर मिलेई के विरोध का प्रमुख चेहरा माना जाता है। विभिन्न पोल्स से पता चला है कि अभी भी फर्नांडिज और उनकी पार्टी को अर्जेंटीना के 30 प्रतिशत लोगों का समर्थन हासिल है। नजरबंदी के खिलाफ बड़ी संख्या में लोगों का समर्थन मिलना भी इस बात का सबूत है। 72 वर्षीय फर्नांडीज ने अपने समर्थकों को रिकॉर्ड किए गए भाषण में कहा, हम वापस आएंगे, और, इससे भी बढ़कर, हम अधिक बुद्धिमत्ता, अधिक एकता और अधिक ताकत के साथ वापस आएंगे। 2022 में जिस मामले में क्रिस्टिना को पहली बार दोषी ठहराया गया था, उसमें पाया गया कि उन्होंने एक मित्र व्यवसायी को सार्वजनिक निर्माण अनुबंध देने में धोखाधड़ी की थी। हालांकि क्रिस्टिना ने आरोपों का खंडन किया है और अपने विरोधियों पर न्याय प्रणाली को उनके खिलाफ हथियार के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। अदालत के फैसले से पहले इस महीने क्रिस्टिना ब्यूनस आर्यस के प्रांतीय विधायिका का चुनाव लड़ने की योजना बना रहीं थीं। क्रिस्टिना के समर्थन में भारी भीड़ का जुटना अर्जेंटीना में तेज होते विभाजन का सबूत है। फर्नांडिज के कार्यकाल में कल्याण और सार्वजनिक रोजगार में खासी वृद्धि हुई, जिससे अर्जेंटीना में महंगाई में उछाल आया और देश भारी घाटे में चला गया।

## कांगो के न्याय मंत्री कॉन्स्टेंट मुताम्बा ने पद से इस्तीफा दिया

**किंशासा , एजेंसी।** कांगो के न्याय मंत्री कॉन्स्टेंट मुताम्बा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन पर करीब 19 मिलियन अमेरिकी डॉलर के गबन का आरोप है। ये पैसा किसनगानी नाम के शहर में एक जेल बनाने के लिए दिया गया था। मुताम्बा का कहना है कि उनके खिलाफ जो कानूनी कार्रवाई हो रही है, वह रवांडा सरकार की एक साजिश है। उन्होंने कहा कि उन्हें जहर देने और मारने की कोशिशें भी की गईं, लेकिन वह बच निकले। मुताम्बा ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ लोग, जो कांगो के दुश्मनों के लिए काम कर रहे हैं, उन्हें बदनाम करना चाहते हैं।

**कांगो और रवांडा ने प्रारंभिक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए :** कांगो और रवांडा के प्रतिनिधियों ने अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में एक शांति समझौते के मसौदे पर हस्ताक्षर किए हैं। यह जानकारी दोनों देशों और अमेरिका के विदेश विभाग की तरफ से बुधवार को एक साथ जारी बयान में दी गई। कांगो ने आरोप लगाया है कि रवांडा देश के पूर्वी हिस्से में सक्रिय एम23 विद्रोही गुट की मदद कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों के अनुसार, इस विद्रोही गुट को रवांडा की तरफ से करीब 4,000 सैनिकों का समर्थन मिल रहा है। अमेरिका के विदेश विभाग की वेबसाइट पर पोस्ट किए गए बयान में कहा गया है।

# इस्राइल से जंग के बीच ईरान में बदलाव की पुकार : पूर्व शाह के बेटे की जनता से अपील- उखाड़ फेंके खामनेई शासन

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान और इस्राइल के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के बीच एक पुरानी और जानी-पहचानी आवाज फिर से गूंजी है। ईरान के पूर्व शाह मोहम्मद रजा पहलवी के बेटे और निर्वासित राजकुमार रजा पहलवी ने अपने देशवासियों से मौजूदा इस्लामी शासन को समाप्त करने और लोकतांत्रिक बदलाव लाने की अपील की है। मंगलवार देर रात देश को संबोधित करते हुए रजा पहलवी ने कहा कि इस्लामी गणराज्य का अंत आ गया है और यह व्यवस्था अब टूट रही है। अयातुल्ला खामनेई एक डरे हुए चूहे की तरह बंकर में छिपा हुआ है और नियंत्रण खो चुका है।

**राष्ट्रव्यापी विद्रोह के आह्वान पर जोर :** इतना ही नहीं पहलवी ने ईरानी जनता से राष्ट्रव्यापी विद्रोह का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि ईरान को फिर से आजाद और लोकतांत्रिक रास्ते पर ले जाया जाए। उन्होंने आश्वासन दिया कि हमें इस्लामी गणराज्य के पतन के बाद पहले 100 दिनों की योजना तैयार है। हम संक्रमणकालीन सरकार के लिए तैयार हैं और जनता द्वारा चुनी गई लोकतांत्रिक सरकार की स्थापना करेंगे।

**पहलवी ने ईरानी सुरक्षा बलों से की अपील :** अपने बयान में आगे रजा पहलवी ने ईरान की सेना, सुरक्षा बलों और सरकारी कर्मचारियों से एक खास संदेश दिया। इशसके की है। उन्होंने सुरक्षाकर्मी और



कर्मचारियों से अपील भी की कि वे शासन के साथ खड़े न हों और लोगों का साथ दें। उन्होंने कहा कि अपने जीवन को एक गिरती हुई व्यवस्था के लिए बर्बाद न करें। जनता के साथ खड़े होकर इतिहास बनाएं। बता दें कि पहलवी का यह बयान उस समय आया है जब इस्राइल ने 13 जून को ऑपरेशन राइजिंग लायन के तहत ईरान के परमाणु, मिसाइल और सैन्य ठिकानों पर बड़े हमले किए। इस हमले के जवाब में ईरान ने भी मिसाइलों से पलटवार किया। माना जा रहा है कि यह क्षेत्र एक बड़े युद्ध की ओर बढ़ सकता है। मिलकर लिखेंगे इतिहास का नया अध्याय इसके साथ ही निर्वासन में रहते हुए भी कई ईरानी क्राउन प्रिंस माने जाने वाले रजा पहलवीने कहा कि हमारा भविष्य उज्जवल है। हम मिलकर इतिहास का नया अध्याय लिखेंगे। एक आज़ाद और समृद्ध ईरान हमारा इंतज़ार कर रहा है। हालांकि इससे पहले इस्राइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी ईरान में शासन परिवर्तन की बात कह चुके हैं। नेतन्याहू ने इसे कट्टरपंथी और तानाशाही शासन बताया, जबकि ट्रंप ने कहा कि रान जैसे कट्टरपंथी देश के पास परमाणु हथियार नहीं होने चाहिए।

# अब कनाडा की खुफिया एजेंसी ने भी माना- कनाडा में बैठकर भारत में हिंसा फैला रहे खालिस्तानी चरमपंथी

**ओटावा, एजेंसी।** आखिरकार कनाडा ने भी मान लिया है कि खालिस्तानी आतंकी कनाडा में बैठकर भारत में हिंसा फैला रहे हैं। भारत सरकार लंबे समय से यह बात कह रही है, लेकिन पूर्व की ट्रूडो सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, लेकिन अब कनाडा में मार्क कार्नी के नेतृत्व में चल रही सरकार ने माना है कि खालिस्तानी कनाडा का इस्तेमाल भारत में हिंसा फैलाने के लिए कर रहे हैं।

**कनाडा की खुफिया एजेंसी की रिपोर्ट में दावा :** कनाडा की खुफिया एजेंसी कनाडा सिक्योरिटी इंटेलीजेंस सर्विस ने अपनी एक रिपोर्ट में पहली बार आधिकारिक रूप से कनाडा में खालिस्तानी चरमपंथियों की मौजूदगी और उनके भारत में हिंसा से जुड़ाव को स्वीकार किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कनाडा में खालिस्तानी चरमपंथी भारत में हिंसा का समर्थन करने, हिंसा के लिए फंड इकट्ठा करने और हिंसक गतिविधियों की साजिश रचने में शामिल रहे हैं। सीएसआईएस ने अपनी 2024 सालाना रिपोर्ट में भारत की लंबे समय से



चली आ रही चिंताओं पर अपनी मुहर लगाई है और माना है कि कनाडा में खालिस्तानी चरमपंथियों की मौजूदगी है। यह भारत के लिहाज से अहम बात है। रिपोर्ट में लिखा है कि 1980 के मध्य में राजनीति से प्रेरित हिंसक चरमपंथ की शुरुआत कनाडा में मौजूद खालिस्तानी चरमपंथियों से हुई, जो हिंसा के जरिए भारत के पंजाब में एक अलग देश खालिस्तान बनाना चाहते हैं। अब कनाडा में थोड़ी संख्या में मौजूद खालिस्तानी चरमपंथी हिंसा के जरिए अपनी कोशिशों में जुटे हैं। पीएम मोदी के कनाडा दौरे से बदले हालात कनाडा की खुफिया एजेंसी का यह खुलासा ऐसे समय सामने आया है, जब हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने कनाडा की यात्रा की और वे जी-7 सम्मेलन में शामिल हुए। साल 2023 में कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद भारत और कनाडा के रिश्तों में खटास आ गई थी। कनाडा की जांच एजेंसियों ने निज्जर की हत्या में भारत सरकार की संलिप्तता का दावा किया था।

# अमेरिका में दो भारतीय छात्रों को लाखों डॉलर के घोटाले में सजा, बुजुर्गों को बनाते थे निशाना

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में पढ़ रहे दो भारतीय छात्रों को अलग-अलग लेकिन समान धोखाधड़ी के मामलों में जेल की सजा सुनाई गई है। इन दोनों पर बुजुर्ग अमेरिकियों को धोखाधड़ी से निशाना बनाकर लाखों डॉलर का नुकसान करने का आरोप है। 20 वर्षीय किशन राजेशकुमार पटेल को, जो छात्र वीजा पर अमेरिका आया था, इस सप्ताह मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश रचने के आरोप में दोषी पाए जाने पर 63 महीने (पांच साल से अधिक) जेल की सजा सुनाई गई। अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) के अनुसार, पटेल ने एक ऑनलाइन फ़िशिंग धोखाधड़ी में भाग लिया, जिसमें उसने अमेरिका के सरकारी अधिकारी बनकर वरिष्ठ नागरिकों से पैसे और सोना लूटा।

**बुजुर्ग अमेरिकियों को सरकारी अधिकारी बनकर लूटा :** न्याय विभाग ने कहा, साजिश में विभिन्न ऑनलाइन फिशिंग तरीकों का इस्तेमाल किया गया और आरोपियों ने अमेरिकी सरकारी अधिकारी बनकर लोगों से धोखाधड़ी की। आरोपी छात्र किशन पटेल ने एक हिस्सा सह-साजिशकर्ताओं को दिया और एक प्रतिशत अपने पास रखा। जांच में पाया गया कि कम से कम 25 बुजुर्ग पीड़ितों को ठगा गया, जिससे उन्हें 2,694,156 डॉलर का नुकसान हुआ। पटेल को 24 अगस्त, 2024 को टेक्सास के ग्रेनाइट शोल्स में गिरफ्तार किया गया था, जब वह एक पीड़ित से 130,000 डॉलर वसूलने की कोशिश कर रहा था। वह 29 अगस्त से संघीय हिरासत में है।

**एक अन्य भारतीय छात्र को हो चुकी है आठ साल जेल की सजा :** एक अन्य आरोपी ध्रुव राजेशभाई मंगुकिया, जो भी एक भारतीय नागरिक भी हैं, ने 16 जून, 2025 को अपना अपराध स्वीकार किया और अब उसकी सजा का एलान होना है। एक अन्य भारतीय छात्र मोइनुद्दीन मोहम्मद को भी इस साल की शुरुआत में इसी तरह के घोटाले के लिए आठ साल की जेल की सजा सुनाई गई थी, जिसमें बुजुर्ग अमेरिकियों से लगभग 60 लाख डॉलर की ठगी की गई थी। तीनों छात्र वीजा पर अमेरिका में थे, अमेरिकी अधिकारियों ने उन शैक्षणिक संस्थानों का खुलासा नहीं किया है जिनमें वे पढ़ाई कर रहे थे।

# पाकिस्तान आर्मी चीफ की मांग- ट्रम्प को नोबेल पुरस्कार मिले : भारत-पाक संघर्ष खत्म कराने का क्रेडिट दिया

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर ने ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार देने की मांग की है। उन्होंने यह पुरस्कार भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने में ट्रम्प की अहम भूमिका के लिए मांगा। आसिम मुनीर अभी अमेरिका के दौरे पर हैं। यहां ट्रम्प और मुनीर की मीटिंग बंद कमरे में हुई। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एना केली ने कहा कि ट्रम्प, मुनीर की मेजबानी करेंगे क्योंकि मुनीर ने ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार देने की मांग की है। ट्रम्प ने मुनीर को इसके लिए शुक्रिया कहा। उन्होंने कहा- मुझे पाकिस्तान से प्यार है। इस मुलाकात से पहले, क्क्रमोदी ने ट्रम्प से फोन पर बातचीत की। तब मोदी ने कहा कि सीजफायर सीधी बातचीत से हुई। उन्होंने अमेरिका की मध्यस्थता से इनकार किया। ट्रम्प ने मुनीर की तारीफ की, अमेरिकी-पाकिस्तानियों ने तानाशाह कहा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का यह पहला मौका है जब किसी पाक सेना प्रमुख से अकेले, बिना अधिकारियों के, बात की। ट्रम्प ने कहा- मुनीर से मिलकर सम्मानित महसूस हुआ। उन्होंने भारत के साथ युद्ध रोकने में अहम भूमिका निभाई। व्हाइट हाउस में हुई यह बैठक गोपनीय थी। पाकिस्तानी न्यूज डान के मुताबिक ट्रम्प ने मुनीर की तारीफ करते हुए कहा उन्होंने भारत-पाक तनाव को बढ़ने से रोका। असीम मुनीर और ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में ईरान-इजराइल संघर्ष पर भी चर्चा की। पांच दिन की यात्रा पर आए मुनीर ने वाशिंगटन में पाकिस्तानी समुदाय से कहा - भारत पहलगाम हमले का इल्जाम पाकिस्तान पर लगाकर सीमा उल्लंघन कर रहा है। हम शहादत स्वीकार करेंगे, लेकिन अपमान नहीं। मुनीर ने ईरान-इजराइल युद्ध



खत्म करने की वकालत की और अमेरिका के साथ आतंकवाद विरोधी साझेदारी की तारीफ की। दूसरी ओर उन्हें वॉशिंगटन में विरोध का सामना करना पड़ा। अमेरिकी-पाकिस्तानी नागरिकों ने मुनीर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्हें तानाशाह और कातिल बताया। ट्रम्प ने फिर कहा- मैंने भारत-पाक युद्ध रुकवाया अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को एक बार फिर कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाया था। ट्रम्प का यह बयान बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर हुई बातचीत के 12 घंटे बाद आया है। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से फोन पर बातचीत की, जो लगभग 35 मिनट तक चली। बातचीत के दौरान क्क्रमोदी ने राष्ट्रपति ट्रम्प को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बताया।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, शुक्रवार 20 जून 2025 | 8


**निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार नगर निगम ने राजस्व वसूली हेतु बड़े बकायादार व्यापारियों पर कड़ा रूख अपनाते हुये तालाबंदी की कार्यवाही निरंतर जारी है।**



## विश्व योग दिवस कार्यक्रम में सबकी भागीदारी सुनिश्चित करें : कलेक्टर

### जिले के पर्यटन स्थलों तथा सभी पंचायतों में 21 जून को मनाया जाएगा योग दिवस



**रीवा।** विश्व भर को भारत ने योग का उपहार दिया है। देश में प्राचीन काल से शरीर और मन को स्वस्थ रखने के लिए योगाभ्यास तथा प्राणायाम करने की परपंरा रही है। आगामी 21 जून को विश्व योग दिवस जिले के सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया जाएगा। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने योग दिवस के तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि विश्व योग दिवस हम सबको तन और मन को स्वस्थ रहने का संदेश देता है। जिले के सभी नगरीय निकायों और सभी ग्राम पंचायतों में 21 जून को विश्व योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित करें। जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मार्तण्ड क्रमांक एक के परिसर में सुबह 6 बजे 8 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे। समारोह में योग दिवस पर प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन के सजीव प्रसारण की सभी स्थलों में व्यवस्था सुनिश्चित करें। वर्षा को ध्यान में रखकर योग दिवस के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करें। विश्व योग दिवस पर जिले के प्रमुख धार्मिक स्थलों, पर्यटन स्थलों तथा नगर के प्रमुख पार्कों में भी योगाभ्यास कराएं।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी शासकीय संस्थाएं तथा निजी संस्थाएं भारत सरकार की वेबसाइट योगा डॉट आयुष डॉट जीओभी डॉट/इन योगा-संगम में पंजीयन अवश्य करा लें। कार्यक्रम के संपन्न होने के बाद गूगल लिंक पर फोटो सहित पूरा विवरण अपलोड करें। योग दिवस के फोटो तथा वीडियो पूरे विवरण के साथ जनसंपर्क कार्यालय को ईमेल पीआरओ रीवा 5 एट द रेट जीमेल डॉट कॉम पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। योग दिवस पर सामान्य योगाभ्यास का प्रोटोकाल योगा संगम पोर्टल से भी प्राप्त किया जा सकता है। अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा सभी महाविद्यालयों में तथा जिला शिक्षा अधिकारी सभी माध्यमिक स्कूल, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में योगाभ्यास का आयोजन कराएं। आयुष विभाग के तहत सभी 30 आरोग्य मंदिरों तथा आयुर्वेद संस्थाओं में योग दिवस पर विशेष कार्यक्रम होंगे। जिला आयुष अधिकारी इसके लिए आवश्यक प्रबंध करें। जिला आयुष अधिकारी विभाग में दर्ज योग शिक्षकों की सेवाएं स्वयंसेवी संस्थाओं तथा शासकीय संगठनों को उपलब्ध कराएं।

कलेक्टर ने कहा कि आयुक्त नगर निगम शहर में अटल पार्क, विवेकानंद पार्क तथा अन्य प्रमुख स्थलों में योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन कराएं। सभी नगर परिषदों में भी आसपास के पर्यटन स्थल अथवा शहर के प्रमुख पार्क में योगाभ्यास का आयोजन कराएं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सभी ग्राम पंचायतों में योग दिवस के कार्यक्रम की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। अमृत सरोवरों के किनारे भी योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित कराएं। जिला समन्वयक जन अभियान परिषद अन्य संगठनों के सहयोग से जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों, नदियों के उद्गम स्थल तथा पार्कों में योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित करें। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला, संभागीय खेल अधिकारी एमके धौलपुरी, संभागीय समन्वयक जन अभियान परिषद प्रवीण पाठक, डीपीसी विनय मिश्रा तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं योग प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

## भूमि क्रय पर दावे और आपत्तियाँ 7 जुलाई तक

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया है कि रीवा जिले में लक्ष्मणबाग संस्थान परिसर में महर्षि पाणिनि संस्कृत विश्वविद्यालय रीवा का कैम्पस संचालित है। इसके भवन निर्माण के लिए धारणाधिकार की भूमि की आवश्यकता है। प्रबंधक लक्ष्मणबाग संस्थान की खसरा क्रमांक 211, खसरा क्रमांक 212 तथा खसरा क्रमांक 213 की कुल 8.10 हेक्टेयर भूमि क्रय के लिए विचारार्थ है। यदि किसी व्यक्ति को इन खसरा नम्बरों की भूमि क्रय किए जाने के संबंध में किसी तरह की आपत्ति हो तो वह 7 जुलाई 2025 तक कलेक्टर रीवा के समक्ष लिखित आपत्ति दर्ज कर सकता है। तय समय सीमा के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। आपत्तियों के निराकरण के बाद ही भूमि क्रय संबंधी आगामी कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में सार्वजनिक सूचना का 19 जून को प्रकाशन कर दिया गया है।

## रीवा में 22 जून को होगी भूतपूर्व सैनिकों की रैली

### रैली के मुख्य अतिथि जनरल आफीसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल पीएस शेखावत होंगे

**रीवा।** भूतपूर्व सैनिकों की रैली 22 जून को कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में आयोजित की जायेगी। रैली के मुख्य अतिथि जनरल आफीसर कमांडिंग मध्य भारत एरिया लेफ्टिनेंट जनरल पीएस शेखावत होंगे। श्री शेखावत परमविशिष्ट सेवा मेडल तथा अति विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित अधिकारी हैं। रैली का उद्देश्य सैनिकों के योगदान का सम्मान करना और उनकी कल्याण संबंधी आवश्यकताओं को बताना है। इस संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि रैली में रीवा सहित आसपास के सभी जिलों के पूर्व सैनिक तथा सैन्य विधवाएं शामिल होंगी। रैली में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सैनिक कल्याण के डॉक्टरों के दल द्वारा सेवानिवृत्त सैनिकों के निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच की व्यवस्था की गई है। इसमें सभी तरह के टेस्ट निःशुल्क किए जाएंगे। अन्य जिलों से आने वाले पूर्व सैनिकों की सुविधा के लिए बस स्टैण्ड तथा रेलवे स्टेशन में निःशुल्क वाहन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल कृष्णा राज कपूर आडिटोरियम में साफ-सफाई तथा पेयजल की व्यवस्था के लिए नगर निगम की टीम तैनात रहेगी। पूर्व सैनिक अपने पहचान पत्र के साथ रैली में शामिल होकर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। रैली में कल्याण सहायता पंजीकरण, सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता, पेंशन संबंधी सहायता और विशिष्ट सेवा को मान्यता देने के लिए औपचारिक कार्यक्रम जैसी गतिविधियाँ शामिल की जायेगीं।

## शूटिंग प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन आज

**रीवा।** शासन के खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय शूटिंग अकादमी भोपाल में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण में चयन के लिए रीवा तथा मऊगंज जिले के सभी विकासखण्डों के राइफल पिस्टल एवं शॉर्टगन में 9 से 18 वर्ष आयु के शूटिंग के खिलाड़ियों का चयन 20 जून को स्पोर्ट्स काम्पलेक्स रीवा में किया जाएगा। इस संबंध में संभागीय खेल अधिकारी एमके धौलपुरी ने बताया कि इच्छुक शूटर सुबह 9 बजे स्पोर्ट्स काम्पलेक्स पहुंचकर प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए अपना पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन कराने के लिए जन्म प्रमाण प्रत्र, अंकसूची, आधार कार्ड दो पासपोर्ट आकार के फोटो तथा निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। पंजीयन पूरी तरह से निःशुल्क है। राज्य स्तरीय अकादमी में चयनित होने पर प्रतिभाशाली शूटर को कुशल प्रशिक्षकों द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। खिलाड़ियों के आवास और भोजन की भी निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में आयोजित खिलाड़ियों के चयन प्रतियोगिता में राज्य अकादमी के प्रशिक्षक श्री जयवर्द्धन सिंह, तकनीकी प्रशिक्षक श्री वैभव शर्मा तथा प्रशिक्षक इंद्रजीत सिगदर एवं सुश्री अपराजिता सिंह द्वारा खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

## जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति की बैठक आज

**रीवा ।** कलेक्ट्रेट सभागार में 20 जून को शाम 4 बजे से जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल मार्च तिमाही की उपलब्धियों, बैंकों के ऋण-जमा अनुपात, किसान क्रेडिट कार्ड बनाने तथा प्राथमिक क्षेत्र में निवेश की बैंकवार समीक्षा करेंगी। बैठक में विभिन्न विभागों की बैंकों के सहयोग से लागू स्वरोजगार योजनाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की जाएगी। अग्रणी बैंक प्रबंधक जगमोहन ने सभी बैंकर्स तथा संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

## रीवा में मनाया गया आम महोत्सव, मैगों वैन को दिखाई गयी हरी झण्डी



**रीवा।** रीवा संभाग में परंपरागत रूप से आम की बड़े पैमाने पर खेती की जाती है। संभाग के सभी जिलों में स्थानीय देशी किस्म के आमों के साथ-साथ उन्नत किस्म के आमों की खेती की जा रही है। रीवा के सुंदरजा आम को अपने विशिष्ट गुणों के लिए 2023 में जीआई टैग मिला है। राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड ने रीवा में कृषि महाविद्यालय परिसर में आम महोत्सव का आयोजन किया। इस पांच दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. एस.के. त्रिपाठी ने किया। डीन श्री त्रिपाठी ने उन्नति किस्म के आमों के विपणन के लिए मैगों वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर नाबार्ड के डीडीएम श्री एस. के. जेना, एलडीएम जगमोहन, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, कृषि तथा उद्यानिकी विभाग के अधिकारी और बैंकों के अधिकारी उपस्थित रहे। नाबार्ड द्वारा समर्थित एक एफपीओ गोफार्म फार्मर प्रोड्यूसर्स ऑर्गनाइजेशन इन पांच दिनों में आम की मार्केटिंग करेगा। यह एफपीओ सुंदरजा आमों की जीआई-टैगिंग में शामिल था। यह किसानों से सुंदरजा आमों की खरीद करेगा और किसानों को बेहतर पारिश्रमिक दिलाने के प्रयास करेगा।

## रोजगार मेला सतपुड़ा आईटीआई मऊगंज में आज

**मऊगंज।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत सतपुड़ा आईटीआई मऊगंज में 20 जून को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 9 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा (18-48 वर्ष) तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 33 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में विजन इंडिया सर्विसेस सुजकी, मेसर्स गोदरेज एण्ड बॉयस कंपनी लि. पंजाब गुजरात, याजाकी इंडिया प्रा. लि. गुजरात कंपनियां शामिल होंगी। रोजगार मेले में एल एण्ड टी कंस्ट्रक्शन कांचीपुरम, शक्ति पंप इंडिया लि. पीथमपुर धार, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा तथा महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा पुणे महाराष्ट्र की कंपनियां भी शामिल होंगी।

## डाक विभाग एजेंट चयन के लिए साक्षात्कार 7 जुलाई तक

**रीवा।** भारतीय डाक विभाग में डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा के व्यवसाय अर्जन के लिए डायरेक्ट सेल्स एजेन्ट के लिए साक्षात्कार आयोजित किये जा रहे हैं। अधीक्षक डाक संभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार साक्षात्कार 7 जुलाई तक लिए जाएंगे। आवेदक सुबह 11.30 बजे अपने समस्त दस्तावेज के साथ कार्यालय अधीक्षक डाकघर सिरमौर चौक रीवा में उपस्थित हो सकते हैं। कक्षा 10वीं पास तथा कम्प्यूटर का ज्ञान रखने वाले आवेदक हो साक्षात्कार में भाग ले सकते है।

## खाद्य सुरक्षा योजना से अपात्र हितग्राहियों के नाम दो दिन में अलग करें : कलेक्टर

### अपात्र हितग्राहियों का पोर्टल से नाम हटाने के लिए 20 और 21 जून को लगेंगे शिविर

**रीवा**

खाद्य सुरक्षा योजना के सभी हितग्राहियों का ई केवाईसी अपडेशन किया जा चुका है। एम राशन मित्र पोर्टल में दर्ज मृत, विषमतामूलक परिवार, डुप्लीकेट तथा स्थाई रूप से पलायन कर गए हितग्राहियों के नाम स्थानीय निकायों की लॉगिन आईडी से पृथक किए जा रहे हैं। इसके लिए नगरीय निकाय के सभी वार्डों और सभी ग्राम पंचायतों में 20 और 21 जून को शिविर लगाए जाएंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि 20 और 21 जून को लगाए जा रहे शिविरों में सभी अपात्र हितग्राहियों के नाम पोर्टल से पृथक कराएं। प्रत्येक सेल्समैन को तथा ग्राम पंचायतों को इसकी सूची दी जा चुकी है। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आयुक्त नगर निगम तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी इसके लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाएं। दी गई सूची के अनुसार अपात्र व्यक्तियों के नाम 21 जून तक अनिवार्य रूप से पोर्टल से पृथक करा दें। जिले से कुल 31583 अपात्र व्यक्तियों के नाम पोर्टल से पृथक करने का लक्ष्य है। सभी एसडीएम शिविरों का अनिवार्य रूप से आयोजन कराकर अपात्र व्यक्तियों के नाम पृथक कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

## रीवा शहर के प्रमुख चौराहों पर 52 कैमरे और पीए सिस्टम से सतत निगरानी

### रीवा के चौराहों पर अब पैनी नज़र, नगर निगम ने लगाए 52 कैमरे और पीए सिस्टम



**रीवा।** सड़क सुरक्षा समिति के परिपालन में नगर निगम रीवा द्वारा शहर की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशन में नगर के 13 प्रमुख चौराहों पर कुल 52 सीसीटीवी कैमरे और सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली (पीए सिस्टम) स्थापित किए गए हैं। इन कैमरों और पीए सिस्टम की सहायता से अब शहर के प्रमुख चौराहों की सुरक्षा पर सतत निगरानी रखी जा रही है। यह व्यवस्था यातायात नियंत्रण, दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों की समय पर पहचान में सहायक होगी। निगम आयुक्त ने कहा कि यह व्यवस्था न केवल यातायात नियंत्रण में सहायक होगी, बल्कि अपराधिक घटनाओं और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई में भी मददगार साबित होगी। ताकि रीयल टाइम मॉनिटरिंग द्वारा यातायात व्यवस्था को बेहतर और अनुशासित बनाया जा सके। इस पर नियंत्रण नगर निगम के कंट्रोल रूम से किया जाएगा। साथ ही ट्रैफिक पुलिस को भी इसका एक्सेस दिया जा रहा है। नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस के समन्वय से यह कार्य सतत किया जाएगा, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। प्रमुख चौराहों में प्रकाश चौक, कॉलेज चौक, सिरमौर चौक, सुभाष चौक, समान तिराहा, ढेकहा तिराहा, जयस्तंभ चौक, खन्ना चौक, स्टेच्यू चौक, हॉस्पिटल चौक, पी.टी.एस. चौक, एस.ए.एफ. चौक और धोबिया टंकी चौक शामिल हैं।

## योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम देवतालाब स्टेडियम में

**मऊगंज।** विश्व योग दिवस 21 जून को मनाया जायेगा। मऊगंज जिले में योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम देवतालाब स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, शासकीय अधिकारी, कर्मचारी, नागरिकगण, विद्यार्थी आदि शामिल होंगे। एसडीएम मऊगंज ने विश्व योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल आदि व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश मुख्य नगर पालिका अधिकारी मऊगंज को दिये हैं। जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ-साथ जिले के सभी विकासखण्डों, ग्राम पंचायतों तथा पर्यटन स्थलों में भी योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

## विश्व योग दिवस पर जिला, विकासखण्ड तथा ग्राम पंचायत में होंगे सामूहिक योगाभ्यास

**रीवा।** योग विद्या देश विशिष्ट पहचान है। हर वर्ष 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाता है। शासन द्वारा योग दिवस के संबंध में जारी निर्देशों के अनुसार इस वर्ष 21 जून को जिला, विकासखण्ड और ग्राम पंचायत स्तर तक योग दिवस मनाया जाएगा। योग दिवस पर सभी शिक्षण संस्थानों, विश्वविद्यालयों में सामूहिक योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित होंगे। योग दिवस के कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शासकीय कर्मचारियों, एनसीसी, एनएसएस, पुलिसकर्मियों, स्वयंसेवी संगठनों, आद्योगिक संगठनों और आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। योग दिवस में शामिल होने वाले सभी व्यक्तियों का पंजीयन भारत सरकार की वेबसाइट योगा डॉट आयुष डॉट जीओभी डॉट/इन योगा-संगम में पंजीयन कराना होगा। इस वर्ष एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योग विषय पर योग दिवस के कार्यक्रम केन्द्रित होंगे।

इस वर्ष योग दिवस पर 21 जून को प्रदेश के 10 प्रमुख पर्यटन स्थलों में योगाभ्यास के विशेष सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। अनूपपुर जिले में अमरकंटक, रायसेन जिले में भीमबैठका गुफा, भोपाल जिले में रानी कमलापति महल, उमरिया जिले में बांधवगढ़, ग्वालियर जिले में मान सिंह महल के पास, छतरपुर जिले में खजुराहो के मंदिर में योग दिवस के कार्यक्रम होंगे। इसी तरह निवाड़ी जिले के ओरछा में, रायसेन जिले के सांची स्तूप के पास, धार जिले में माण्डू में जहाज महल के सामने तथा खरगौन जिले के महेश्वर में योग के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

रीवा में जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट उमावि मार्तण्ड क्रमांक एक के परिसर में आयोजित किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे। योग दिवस के कार्यक्रम प्रातः 6 बजे शुरू होंगे। इसमें 6 बजे से 6.30 बजे तक स्थानीय जनप्रतिनिधियों का उद्बोधन होगा। इसके बाद भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के योग दिवस संदेश और उद्बोधन का सुबह 6.30 बजे से 6.40 बजे तक सजीव प्रसारण सभी स्थलों में दिखाया जाएगा। इसके बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विशाखापट्नम से योग दिवस के उद्बोधन का सुबह 6.40 बजे से सजीव प्रसारण दिखाया जाएगा। कार्यक्रम में सुबह 7 बजे से 7.45 बजे तक निर्धारित योग प्रोटोकाल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास होगा। प्रत्येक आयोजन स्थल पर प्रशिक्षित योग शिक्षक की निगरानी में योगाभ्यास कराया जाएगा। सभी जिला मुख्यालय, विकासखण्ड मुख्यालय और ग्राम पंचायतों में प्रमुख सार्वजनिक स्थल पर योग दिवस में योगाभ्यास के कार्यक्रम होंगे।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833